# हे मातृभूमि !

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 2]

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 2

**कृति पूर्ण करो :**

**मातृभूमि की विशेषताएँ**


1. ______
2. ______
3. ______
4. ______

**Solution: मातृभूमि की विशेषताएँ**


1. राम-कृष्ण जैसे सपूत पैदा हुए।
2. समुद्र पैरों की धूल धोकर प्रणाम करता है।
3. भेदभाव रहित है।
4. नाम पुण्य है।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 2

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:**




### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 2

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

कवि की जिह्वा पर इसके गीत हों - _____

**Solution:** कवि की जिह्वा पर इसके गीत हों - **मातृभूमि**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 2**

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

मातृभूमि के चरण धोने वाला - _____

**Solution:** मातृभूमि के चरण धोने वाला - **समुद्र**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ३. | Page 2**

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

मातृभूमि के सपूत - _____

**Solution:** मातृभूमि के सपूत - **राम-कृष्ण**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ४. | Page 2**

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

प्रतिदिन सुनने/सुनाने योग्य नाम - _____

**Solution:** प्रतिदिन सुनने/सुनाने योग्य नाम - **मातृभूमि**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ५. | Page 2**

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

मातृभूमि के चरणों में इसे नवाना है - _____

**Solution:** मातृभूमि के चरणों में इसे नवाना है - **शीश**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 2**

**कविता की पंक्तियाँ पूर्ण करो :**

सेवा में तेरी __________;
_______________ ।।
_______________ ।
बलिदान मैं जाऊँ ।।

**Solution:** **सेवा में तेरी माता**! मैं भेदभाव तजकर;
वह पुण्य नाम तेरा, प्रतिदिन सुनूँ-सुनाऊँ।।
तेरे ही काम आऊँ, तेरा ही मंत्र गाऊँ।
मन और देह तुम पर **बलिदान मैं जाऊँ**।।

## भाषा बिंदु [PAGE 2]

### भाषा बिंदु | Q 1 | Page 2

**निम्न विरामचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

।

**Solution:** । → पूर्णविराम चिह्न

**वाक्य-** राम अपनी माँ से मिलने गया है।

### भाषा बिंदु | Q 2 | Page 2

**निम्न विरमचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

;

**Solution:** ; → अर्द्धविराम चिह्न

**वाक्य** - हम इस समस्या से लड़ेंगे; इसे सुलझाएँगे और जीत दर्ज करेंगे।

### भाषा बिंदु | Q 3 | Page 2

**निम्न विरमचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

?

**Solution:** ? → प्रश्नवाचक चिह्न

**वाक्य** - तुम कहाँ जा रहे हो?

### भाषा बिंदु | Q 4 | Page 2

**निम्न विरमचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

-

**Solution:** - → योजक चिह्न

**वाक्य** - माता-पिता की सेवा करना संतान का कर्तव्य है।

### भाषा बिंदु | Q 5 | Page 2

**निम्न विरमचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

!

**Solution:** ! → विस्मयादिबोधक चिह्न

**वाक्य** - सचमुच! यह चित्र बहुत सुंदर है।

### भाषा बिंदु | Q 6 | Page 2

**निम्न विरमचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

' '

**Solution:** ' ' → अवतरण चिह्न

**वाक्य** - आज मैंने 'रामायण' का पाठ किया।

### भाषा बिंदु | Q 7 | Page 2

**निम्न विरमचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

" "

**Solution:** " " → दोहरा अवतरण चिह्न

**वाक्य** - जटायु ने कहा, "रावण! तुम सीता को छोड़ दो।"

### भाषा बिंदु | Q 8 | Page 2

**निम्न विरमचिन्ह का नाम लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

-

**Solution:** - → निर्देशक चिह्न

**वाक्य** - राजा गरज पड़े - "'मूर्ख रास्ता छोड़ो।"

## उपयोजित लेखन [PAGE 2]

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 2

**शब्दों के आधार पर कहानी लिखो :**

ग्रंथालय, स्वप्न, पहेली, काँच

**Solution:**

**होशियार आर्यन**

बहुत पुरानी बात है। रामपुर गाँव के बगल में एक घना जंगल था। गाँव से थोड़ी दूर जंगल के किनारे अमित अपनी माँ सीता के साथ एक टूटी-फूटी झोंपड़ी में रहता था। अमित पढ़ने में बहुत तेज था। सीता गाँव के लोगों के घर के छोटे-मोटे काम कर किसी तरह अपना व अपने बच्चे का पेट पालती थी।

गाँव का सरकारी विद्यालय जंगल के दूसरे छोर पर था। एक दिन विद्यालय से घर लौटते समय अमित जंगल में घूमने-टहलने लगा। वह जंगल के उस छोर पर पहुँच गया, जहाँ एक छोटी-सी नदी व पहाड़ी थी। वहाँ घूमते-घूमते उसे एक बड़े चट्टान के नीचे एक संदूकची मिली। उसमें काँच की एक बड़ी-सी बेलनाकार शीशी थी, जिसमें लाल रंग का द्रव्य पदार्थ था। इसके अलावा एक पत्र था, जिसमें कुछ लिखा था। अमित शब्दों की लिखावट तो पहचान रहा था, लेकिन समझ नहीं पा रहा था कि आखिर लिखा क्या है। वह उस पत्र को लेकर घर लौटा। वह इस पहेली को सुलझाने की कोशिश करने लगा। सोचते सोचते उसकी आँख लग गई। नींद में उसे एक सपना आया कि किताबें ज्ञान का भंडार होती हैं। उनमें सारे सवालों के जवाब मिल जाते हैं। जब स्वप्न टूटा तो सुबह हो गई थी।

अमित तैयार होकर विद्यालय पहुँचा। विद्यालय के ग्रंथालय में जाकर उसने विभिन्न प्रकार की भाषाओं व लिपियों के बारे में जानकारी प्राप्त की, लेकिन उसे जो पत्र मिला था, उसके अक्षर किसी प्राचीन लिपि से मेल नहीं खाते थे। वह चिंतित हो गया। अचानक उसकी नजर विज्ञान की एक पुस्तक पर पड़ी जिस पर एक आईना छपा था। उसने पुस्तक उठाई और पढ़ना शुरू किया। उसमें लिखा था कि आईने में किसी भी चीज का प्रतिबिंब उलटा दिखाई देता है। उदाहरण के तौर पर कुछ शब्द कागज पर लिखकर आईने में दिखाए गए थे, जो उलटे दिखाई दे रहे थे। अमित के दिमाग में युक्ति सूझी। वह घर पहुँचा। उसने आईने के सामने उस पत्र को रखा। उसका प्रतिबिंब आईने में दिखा। अब सब कुछ हिंदी में साफ-साफ दिखाई दे रहा था। उसमें लिखा था कि सामने की पहाड़ी में एक छोटा-सा छेद है, उसमें शीशी को रखकर उसे फोड़ दें।

अमित इस संदूकची व पत्र की पहेली को सुलझाने के करीब पहुँच गया था। दूसरे दिन जंगल में जाकर अमित ने पत्र में जैसा लिखा था ठीक वैसा ही किया। उसने देखा कि वह द्रव पदार्थ एक गोलाकार पहेली की भाँति अपना रास्ता बनाते हुए एक विशाल पत्थर के नीचे गया और अचानक वह पत्थर अपनी जगह से हट गया। उस पत्थर के नीचे एक छोटा-सा कलश था, जिसमें सोने की मोहरें थीं। उसने झट से कलश उठा लिया और माँ के पास पहुँचा। उसने सारी बातें माँ को बताइ्। दोनों मोहरें पाकर खुश हो गएँ।

**सीख**: किसी भी परिस्थिति में सोच-विचारकर काम करना चाहिए।

## उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 2

मैंने समझा

_______________

_______________

**Solution:** मातृभूमि की सेवा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। आवश्यकता पड़ने पर अपने देश के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने वाला ही मातृभूमि का सच्चा सपूत होता है।

## स्वयं अध्ययन [PAGE 2]

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 2

'विकास की ओर बढ़ता हुआ भारत देश' से संबंधित महत्त्वपूर्ण कार्यों की सूची बनाओ।

**Solution:** भारत देश एक विकासशील राष्ट्र है, जो तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की राह में अनेक समस्याएँ आती हैं, परंतु इन समस्याओं को सावधानी से सुलझाया जाता है। भारत के विकास का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व के कई राष्ट्र हमारे देश में निवेश करने व हमसे व्यापारिक समझौते करने को इच्छुक हैं। देश के विकास से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण कार्यों की सूची निम्नलिखित है :


1. सभी के लिए शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के साथ ही तकनीकी शिक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है।
2. विदेशी निवेशों को आकर्षित कर रोजगार बढ़ रहा है।
3. राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से विकसित तकनीक के हथियारों का निर्माण व आयात किया जा रहा है।
4. देश के साैंदर्यीकरण व सुव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तकनीकों का प्रयोग कर पुनर्वास, विकसित सड़कों व पुलों का निर्माण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान आदि कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।
5. घर-घर चलने वाले लघु उद्योगों को सरकार की ओर से सहायता दी जा रही है।
6. किसानों को अधिकाधिक सुविधा, सलाह व सहायता दी जा रही है।

# वारिस कौन?

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 5]

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 5

**उत्तर लिखो :**




**Solution: गेहूँ के दानों का चारों बहनों ने किया -**

1. बड़ी बहन ने उन दानों को खिड़की से बाहर फेंक दिया।
2. दूसरी बहन ने दानों को चाँदी की एक डिब्बी में डालकर उसे मखमल के थैले में बंद करके सुरक्षा से अपनी संदूकची में डाल दिया।
3. तीसरी बहन ने अपने कमरे की खिड़की के पीछेवाली जमीन में दाने बो दिए।
4. चौथी बहन दानों को भुनवाकर खा गई।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 5

**उचित घटनाक्रम लगाकर वाक्य फिर से लिखो :**

१. सभी के उत्तर से राजा को बड़ी निराशा हुई।
२. रथ एक बड़े-से हरे-भरे खेत के सामने रुक गया।
३. राजा ने हैरानी से राजकुमारी की ओर देखा।
४. अंत में उसे एक उपाय सूझ गया।

**Solution:** १. अंत में उसे एक उपाय सूझ गया।
२. सभी के उत्तर से राजा को बड़ी निराशा हुई।
३. रथ एक बड़े-से हरे-भरे खेत के सामने रुक गया।
४. राजा ने हैरानी से राजकुमारी की ओर देखा।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 5

**सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखो :**

जरूर इसके पीछे कोई _____ होगा।

1. उद्देश्य

2. हेतु
3. मकसद

**Solution:** जरूर इसके पीछे कोई **मकसद** होगा।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 5

**सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखो :**

सो मैं उन्हें _____ खा गई।

1. भिगोकर
2. भुनवाकर
3. पकाकर

**Solution:** सो मैं उन्हें **भुनवाकर** खा गई।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ३. | Page 5

**सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखो :**

तुम ही मेरे राज्य की सच्ची _____ हो।

1. रानी
2. युवराज्ञी
3. उत्तराधिकारी

**Solution:** तुम ही मेरे राज्य की सच्ची **उत्तराधिकारी** हो।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ४. | Page 5

**सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखो :**

इसे तुम अपने पास रखो, _____ साल बाद मैं इन्हें माँगूँगा।

1. चार
2. सात
3. पाँच

**Solution:** इसे तुम अपने पास रखो, **पाँच** साल बाद मैं इन्हें माँगूँगा।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) १. | Page 5

**परिणाम लिखो :**

गेहूँ के दानों को बोने का परिणाम

**Solution:** पाँच वर्षों में ढेर सारा गेहूँ तैयार हो गया।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) २. | Page 5

**परिणाम लिखो :**

सभी के उत्तर सुनकर राजा पर हुआ परिणाम

**Solution:** राजा को बड़ी निराशा हुई।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ३. | Page 5**

**परिणाम लिखो :**

दूसरी राजकुमारी का संदूकची में दाने रखने का परिणाम

**Solution:** दाने सड़ गए।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ४. | Page 5**

**परिणाम लिखो :**

पहली राजकुमारी को कड़ककर पूछने का परिणाम

**Solution:** उसने सच्ची बात बता दी।

**भाषा बिंदु [PAGE 5]**

**भाषा बिंदु | Q 1 | Page 5**

रचना के आधार पर विभिन्न प्रकार के तीन-तीन वाक्य पाठों से ढूँढ़कर लिखो।

**Solution: सरल वाक्य**

१. एक राजा था।

२. चौथी और छोटी बच्ची तनिक बच्ची थी।

३. समय पर अंकुर फूटे।

**संयुक्त वाक्य**

१. उसने दानों को भुनवाकर खा डाला और खेल में मग्न हो गई।

२. बड़ी राजकुमारी भंडार घर जाकर गेहूँ के दाने ले आई और राजा को दे दिए।

३. जवाब पाने के लिए आपको यहाँ से दूर जाना पड़ेगा और मैं वहाँ आपको कल ले चलूँगी।

**मिश्र वाक्य**

१. पाँच साल बाद जब पिता जी ये दाने माँगेंगे, तब उन्हें वापस कर दूँगी।

२. तीसरी बहन सोच रही थी कि इसका क्या करूँ।

३. तीसरी राजकुमारी को इस बात का यकीन था कि पिता जी ने उन्हें यूँ ही ये दाने नहीं दिए होंगे।

## उपयोजित लेखन [PAGE 5]

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 5

मैंने समझा

________________

________________

________________

**Solution:** हमारे बड़ों द्वारा दिए गए कार्य के पीछे जरूर कोई मकसद होता है, इसलिए हमें अपनी बुद्धि का प्रयोग कर उस कार्य में श्रेष्ठ फल पाने के लिए प्रयास करना चाहिए। अपने प्रयासों से ही हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## स्वयं अध्ययन [PAGE 5]

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 5

बीरबल की बौद्धिक चतुराई की कहानी के मुद्दों का फोल्डर बनाकर कहानी प्रस्तुत करो।

**Solution: १. मुद्दे**

अकबर का घोड़े पर बैठकर बगीचे की सैर करना - बीरबल से सात दिन में हरा घोड़ा लाने को कहना - बीरबल का आठवें दिन दरबार में लौटना - हरा घोड़ा मिलने की खबर देना - घोड़े के मालिक की दो शर्तें बताना - शर्तें सुनकर अकबर का हँसना - बीरबल की चतुराई से खुश होना।

## २. मुद्दे

अकबर का सभी दरबारियों से प्रश्न पूछना - किस नदी का जल उत्तम है? - सभी का गंगा नदी के जल को उत्तम बताना - अकबर का बीरबल से यही प्रश्न पूछना - बीरबल द्वारा यमुना नदी के जल को उत्तम बताना - अकबर का क्रोधित होना - बीरबल द्वारा गंगा नदी के जल को अमृत बताना - अकबर का अमृत और जल में अंतर समझना - सभी दरबारियों का खुश होना।


**निर्देश**: विद्यार्थी दिए गए कहानी के मुद्दों के आधार पर कक्षा में कहानी प्रस्तुत करें।

# नाखून क्यों बढ़ते हैं?

## सूचना नुसार कृतियाँ करो [PAGE 8]

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 8

**प्रवाह तालिका पूर्ण करो :**




**Solution: मनुष्य में पशुत्व से भिन्नता दर्शाने वाली बातें**

१. संयम
२. दूसरे के सुख-दुख के प्रति समवेदना
३. श्रद्धा व तप
४. त्याग

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 8

**प्रतीक लिखो :**

| **नाखूनों को बढ़ाना** | **नाखूनों को काटना** |
|---|---|
| | |

**Solution:**

| **नाखूनों को बढ़ाना** | **नाखूनों को काटना** |
|---|---|
| मनुष्य के पशुत्व का प्रमाण है। | मनुष्य की मनुष्यता की निशानी है। |

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 8

**उत्तर लिखो :**

**मनुष्य की चरितार्थता इन दो बातों में है :**

(अ) ______

(आ) ______

**Solution: मनुष्य की चरितार्थता इन दो बातों में है :**

(अ) प्रेम में है।

(आ) अपने को सबके मंगल के लिए नि:शेष भाव से दे देने में है।

**सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 8**

**उत्तर लिखो :**

**मनुष्य का स्वधर्म यह है :**

(अ) ______

(आ) ______

**Solution: मनुष्य का स्वधर्म यह है :**

(अ) अपने को संयत रखना।

(आ) दूसरे के मनोभावों का आदर करना।

**सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (३) ३. | Page 8**

**उत्तर लिखो :**

**मनुष्य को नाखूनों की जरूरत तब थी :**

(अ) ______

(आ) ______

**Solution: मनुष्य को नाखूनों की जरूरत तब थी :**

(अ) जब मनुष्य वनमानुष जैसा जंगली था।

(आ) जब जीवनरक्षा के लिए उसके पास अस्त्र नहीं थे।

**भाषा बिंदु [PAGE 8]**

**भाषा बिंदु | Q 1.1 | Page 8**

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

आत्मा

**Solution:** आत्मा – **स्त्रीलिंग**

**भाषा बिंदु | Q 1.2 | Page 8**

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

व्यक्ति

**Solution:** व्यक्ति - **पुल्लिंग**

**भाषा बिंदु | Q 1.3 | Page 8**

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

बादल

**Solution:** बादल – **पुल्लिंग्**

**भाषा बिंदु | Q 1.4 | Page 8**

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

तार

**Solution:** तार – **पुल्लिंग**

**भाषा बिंदु | Q 1.5 | Page 8**

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

नोट

**Solution:** नोट – **पुल्लिंग**

**भाषा बिंदु | Q 1.6 | Page 8**

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

नाखून

**Solution:** नाखून - **पुल्लिंग**

**भाषा बिंदु | Q 1.7 | Page 8**

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

पुस्तक

**Solution:** पुस्तक - **स्त्रीलिंग**

### भाषा बिंदु | Q 1.8 | Page 8

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

तकिया

**Solution:** तकिया - **पुल्लिंग**

### भाषा बिंदु | Q 1.9 | Page 8

**निम्न शब्द का लिंग पहचानकर लिखो**

दही

**Solution:** दही – **स्त्रीलिंग्**

### भाषा बिंदु | Q 2 | Page 8

**अर्थ के अनुसार वाक्यों के प्रकार ढूँढ़कर लिखो।**

**Solution:**

| | |
|---|---|
| १. उसने धातु के हथियार बनाए। | (विधानार्थक वाक्य) |
| २. नाखून क्यों बढ़ते हैं? | (प्रश्नार्थक वाक्य) |
| ३. मनुष्य अब नाखून को नहीं चाहता है। | (निषेधार्थक वाक्य) |
| ४. मनुष्य पशु से किस बात में भिन्न है! | (विस्मयार्थक वाक्य) |

## उपयोजित लेखन [PAGE 8]

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 8

किसी मौलिक मराठी विज्ञापन का हिंदी में अनुवाद करो।

**Solution:**

**मराठी विज्ञापन्**

**'हिमगंगे'**

**आयुर्वेदिक तेल्**

केसांविना तुमचे साैंदर्य अपुरे आहे;
केसांचे हे साैंदर्य खुलवण्यासाठी,
आजच घेऊन या हिमगंगे नैसर्गिक आयुर्वेदिक तेल.

१८ जडी-बुटी, ५ पोषक तत्त्व आणि दुधाद्वारे क्षीरपाक विधीने सिद्ध.

**केसांच्या पाच समस्यांवर निवारक :**

- कोरडे आणि निर्जीव केस
- गळणारे केस
- विरळ केस
- कोंडा
- कमजोर केस

**संपर्क** - दूरध्वनी क्र. ०३३-२२६७ ०००२

**ई-मेल आईडी** - patanjali@gmail.com

**हिंदी में अनुवाद**

**'हिमगंगे'**

**आयुर्वेदिक तेल्**

बालों के बिना आपका साैंदर्य अधूरा है;
बालों का यह साैंदर्य बढ़ाने के लिए,
आज ही लेकर आइए हिमगंगे नैसर्गिक आयुर्वेदिक तेल।

१८ जडी-बुटी, ५ पोषक तत्त्व आणि दुधाद्वारे क्षीरपाक विधीने सिद्ध.

**बालों की पाँच समस्याओं पर निवारक :**

- रूखे और बेजान बाल
- झड़ने वाले बाल
- दो मुँहे बाल
- रूसी

| |
|---|
| • कमजोर बाल |
| **संपर्क** - दूरध्वनी क्र. ०३३-२२६७ ०००२<br>**ई-मेल आईडी** - patanjali@gmail.com |

### उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 8

मैंने समझा

________________

________________

________________

**Solution:** हमारे बढ़े हुए नाखून हमारे भीतर की पशुता व बुराई के प्रतीक हैं। जिस प्रकार हम उन्हें काटकर दूर करते हैं। उसी प्रकार हमें अपने भीतर की अन्य बुराइयों को त्याग देना चाहिए।

**स्वयं अध्ययन [PAGE 8]**

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 8

शरीर के विभिन्न अंगों से संबंधित मुहावरों की अर्थ सहित सूची बनाओ।

**Solution:** १. आँखों का तारा – बहुत प्यारा।

२. नाक कटना – बेइज्जती होना।

३. पीठ दिखाना – भाग जाना।

४. हाथ मलते रह जाना – पछताना।

५. पेट में चूहे दौड़ना – बहुत भूख लगना।

६. बाएँ हाथ का खेल – बहुत आसान काम।

७. अँगूठा दिखाना – साफ मना कर देना।

८. घुटने टेकना – हार मानना।

९. कान भरना – शिकायत करना।

१०. अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना – खुद को जान बूझकर किसी मुसीबत में डालना।

# गाँव-शहर

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 10]

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 10

**तुलना करो :**

| गाँव | शहर |
|---|---|
| _____ | _____ |
| _____ | _____ |
| _____ | _____ |

**Solution:**

| क्र. | गाँव | शहर |
|---|---|---|
| १. | गाँव खाली होता जा रहा है। | शहर में भीड़ बढ़ रही है। |
| २. | गाँव की जिंदगी में भागम-भाग नहीं है। | शहर की जिंदगी में बहुत भागम-भाग है। |
| ३. | गाँव का शहरीकरण होने लगा है। | शहर और विकसित हो रहे हैं। |

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 10

**उचित जोड़ियाँ मिलाओ :**

| अ | उत्तर | आ |
|---|---|---|
| १. मेट्रो | _____ | गाँव |
| २. पीपल | _____ | कस्बा |
| | | शहर |


**Solution:**

| अ | उत्तर |
|---|---|
| १. मेट्रो | **शहर** |

| | |
|---|---|
| २. पीपल | **गाँव्** |

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 10

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:** गाँव का देखना - **टुकुर-टुकुर**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 10

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:** शहर का देखना - **दीदा फाड़कर**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) १. | Page 10

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

लँगड़ाकर चलने वाली - _____

**Solution:** लँगड़ाकर चलने वाली - **गैया**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) २. | Page 10

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

पत्ते झरा हुआ वृक्ष - _____

**Solution:** पत्ते झरा हुआ वृक्ष - **पीपल**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ३. | Page 10

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

बदले-से लगते हैं - _____

**Solution:** बदले-से लगते हैं - **सुर**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ४. | Page 10

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

जहाँ तिल रखने की जगह नहीं है - _____

**Solution:** जहाँ तिल रखने की जगह नहीं है - **शहर**

## भाषा बिंदु [PAGE 10]

### भाषा बिंदु | Q 1 | Page 10

पाठ्यपुस्तक के पाठों से विलोम और समानार्थी शब्द ढूँढ़कर उनकी सूची बनाओ और उनका अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग करो।

**Solution:**

| **क्र.** | **समानार्थी शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|---|
| १. | आदमी-मनुष्य | गाँव-शहर |
| २. | नजदीक-पास | प्रश्न-उत्तर |
| ३. | पद-चरण | पहले-बाद |
| ४. | हथियार-अस्त्र | छोटी-बड़ी |
| ५. | सहारा-सहायता | सुख-दुख |

**समानार्थी शब्दों के वाक्य:**

१. प्रश्न पूछना **आदमी/मनुष्य** की स्वाभाविक प्रवृत्ति है।

२. वह मेरे घर के **नजदीक/पास** रहता है।

३. कृष्ण ने सुदामा के **पद/चरण** अपने आँसुओं से धोए।

४. अर्जुन ने सारे **हथियार/अस्त्र** छुपा दिए।

५. गरीबों को **सहारा/सहायता** देना यह सभी का कर्तव्य है।

**विलोम शब्दों के वाक्य:**

१. **गाँव** से लोग पलायन कर रहे हैं।
**शहर** की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है।

२. शिक्षक ने विद्यार्थियों से **प्रश्न** पूछा।
युधिष्ठिर के **उत्तर** से यक्ष संतुष्ट हो गया।

३. स्वतंत्रता के **पहले** हिंदुस्तानी नागरिकों पर ब्रिटिश सरकार बहुत जुल्म करती थी।
सत्ता मिलने के **बाद** राजनीतिक पार्टियों का असली चेहरा सामने आ जाता है।

४. रामेश्वर की **छोटी** लड़की बहुत समझदार है।
**बड़ी** इमारत देखकर मनोहर स्तब्ध रह गया।

५. **सुख** बाँटने से बढ़ता है।
**दुख** बाँटने से घटता है।

**उपयोजित लेखन [PAGE 10]**

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 10

वृक्ष और पंछी के बीच का संवाद लिखो।

**Solution:**

| | |
|---|---|
| **वृक्ष:** | आओ भाई, आओ! लगता है बड़ी दूर से आ रहे हो। आओ, मेरी डालियों पर बैठकर थोड़ा आराम कर लो और मीठे फल खाकर अपना पेट भर लो। |
| **पंछी:** | धन्यवाद भाई! आपके इस सहृदय स्वागत के लिए धन्यवाद। |
| **वृक्ष:** | कहो भाई, कहाँ से आ रहे हो? |
| **पंछी:** | मैं पहाड़ी के उस पार के जंगल से एक नए घर की तलाश में यहाँ आया हूँ। |
| **वृक्ष:** | नया घर! वह क्यों भाई? |
| **पंछी:** | मेरा पुराना बसेरा पिछले दिनों आए तूफान में ढह गया। अत: मुझे एक नए व सुरक्षित बसेरे की तलाश है। |
| **वृक्ष:** | अच्छा, भाई यदि तुम चाहो तो मेरी घनी डालियों के बीच अपना घोंसला बना सकते हो। वह सुरक्षित रहेगा और तुम्हें भोजन की कमी भी नहीं होगी। |
| **पंछी:** | हाँ भाई, तुम ठीक कह रहे हो। |
| **वृक्ष:** | यहाँ से थोड़ी दूर पर एक छोटी-सी नदी भी है। इससे तुम्हें पानी की भी समस्या नहीं होगी। |
| **पंछी:** | ठीक कह रहे हो भाई। मैं अपना घोंसला तुम्हारी डालियों पर ही बनाऊँगा। |
| **वृक्ष:** | आज से हम दोनों मित्र हैं और हम एक साथ रहेंगे। |
| **पंछी:** | अवश्य मित्र! |

## उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 10

**मैंने समझा**

______________________________

______________________________

______________________________


**Solution:** शहरों में बढ़ती भीड़ के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाएँ भी नहीं मिल पा रही हैं। शहर की व्यवस्था डगमगा गई है। दूसरी ओर गाँवों का शहरीकरण होने लगा है, जिससे गाँव अपनी पहचान खोने लगे हैं। खेती छोड़कर लोग अब शहरों में नौकरी-धंधे करने लगे हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव खेती व पैदावार पर पड़ रहा है।

# मधुबन

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 13]

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q 1 | Page 13

**संजाल पूर्ण करो :**




**Solution: रामकुमार जी के जीवन की घटनाए:**

१. **१९२१** - गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग

२. **इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की** - १९२५

३. **'कबीर का रहस्यवाद' लिखा** - १९३०

४. **१९२६** - विवाह

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 13

**कारण लिखो :**

डॉक्टर साहब का राजनीति से दूर रहने का कारण

**Solution:** डॉक्टर साहब की राजनीति में कोई रुचि नहीं थी।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 13


**कारण लिखो**

डॉक्टर साहब का मध्यप्रदेश से उत्तर प्रदेश आने के लिए प्रेरित होने का कारण

**Solution:** डॉक्टर साहब को हिंदी से प्रेम था और उन दिनों नागपुर विश्वविद्यालय में हिंदी नहीं थी। उनके हिंदी प्रेम ने उन्हें मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश आने के लिए प्रेरित किया।

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 13

**कृति करो :**




**Solution: पाठ में प्रयुक्त भूतपूर्व प्रधानमंत्रियों के नाम :**

१. नेहरू जी


२. शास्त्री जी

३. इंदिरा जी


४. मोरारजी भाई

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 13

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:**




**भाषा बिंदु [PAGE 13]**

### भाषा बिंदु | Q 1 | Page 13

**निम्न शब्दों से कृदंत/तद्धित बनाओ :**

मिलना, ठहरना, इनसान, शौक, देना, कहना, भाव, बैठना, घर, धन

**Solution:**

| क्र. | कृदंत | तद्धित |
|---|---|---|
| १. | मिलना-मिलनेवाला | इनसान-इनसानियत |
| २. | ठहरना-ठहराव | शौक-शौकीन |
| ३. | देना-देनेवाला | भाव-भावना |
| ४. | कहना-कहनेवाला | घर-घरेलू |
| ५. | बैठना-बैठनेवाला | धन-धनवान |

## उपयोजित लेखन [PAGE 13]

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 13

अपने विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह का प्रमुख मुद्दों सहित वृत्तांत लेखन करो।

**Solution:** १३ दिसंबर, २०१८ को गोखले विद्यालय के कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय के सभागृह में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करने हेतु पूर्णया प्रदन्या विद्यालय के प्राचार्य अविनाश बासु जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। प्रमुख अतिथि अविनाश बासु के साथ गोखले विद्यालय के प्रधानाचार्य व विभागाध्यक्ष ने अपने करकमलों से दीप प्रज्वलित कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए ४० मॉडल प्रदर्शित किए गए। किसी ने सौर ऊर्जा से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया, तो किसी ने पानी को फिल्टर करने का यंत्र। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान से संबंधित इन यंत्रों को देखकर सभी अचंभित हो गए। इन मॉडलों को देखकर विद्यार्थियों की विज्ञान के प्रति रुचि साफ झलक रही थी।

प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों के मनोरंजन हेतु विविध कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अंत में निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय घोषित किए गए। जिसमें कक्षा आठवीं के विवेक नाविक को प्रथम पुरस्कार दिया गया। द्वितीय पुरस्कार समीक्षा सणस को तथा तृतीय पुरस्कार एकता चौहान को दिया गया। अन्य विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने अपने आशीष वचनों से प्रोत्साहित किया। विद्यालय

के उपप्रधानाचार्य ने अतिथि महोदय तथा विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया तथा राष्ट्रगान के साथ ही शाम ५ बजे इस भव्य विज्ञान प्रदर्शनी समारोह का समापन हुआ।

### उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 13

मैंने समझा

________________

________________

________________

**Solution:** इस पाठ के माध्यम से मैंने प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. रामकुमार वर्मा के जीवन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उनकी काव्य रचना की प्रेरणा के बारे में जाना; साहित्य के प्रति उनके जीवन के लौकिक व पारलौकिक प्रेम तथा देश की राजनीति में उनकी रुचि आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

## स्वयं अध्ययन [PAGE 13]

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 13

अंतरजाल से डॉ. रामकुमार वर्मा जी से संबंधित अन्य साहित्यिक जानकारियाँ प्राप्त करो।


**Solution:** डॉ.. रामकुमार वर्मा आधुनिक हिंदी साहित्य में 'एकांकी सम्रट' के रूप में जाने जाते हैं। ये हिंदी भाषा के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, व्यंग्यकार और हास्य कवि के रूप में जाने जाते हैं। कविता में ये साधक की भूमिका में आए। अपने जीवन के अनुभवों से नाटकों की विषयवस्तु तैयार की तथा अनेक रचनाओं को लिपिबद्ध किया। इनकी प्रमुख रचनाओं में पृथ्वीराज की आँखें, रेशमी टाई, चारुमित्रा, दीपदान, अभिशाप, एकलव्य, हिमालय, कबीर का रहस्यवाद, जौहर, आकाशगंगा, चित्ररेखा, उत्तरायण आदि का समावेश है। १९३० में रचित 'बादल की मृत्यु' इनकी पहली एकांकी है। इन्होंने ऐतिहासिक और सामाजिक दो तरह के एकांकी नाटकों की सृष्टि की। कभी कवि तो कभी एकांकीकार, कभी नाटककार तो कभी आलोचक, कभी शोधकर्ता तो कभी साहित्य के इतिहास लेखक के रूप में इन्होंने हिंदी साहित्य को अपनी कृतियों से चमत्कृत किया है।

# जरा प्यार से बोलना सीख लीज


## सूचना नुसार कृतियाँ करो [PAGE 15]

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 15

**प्रवाह तालिका पूर्ण करो :**




**Solution:**




### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 15

**उत्तर लिखो :**

काँटे बोने वाले

**Solution:** काँटे बोने वाले - **कटु वचन**

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 15

**उत्तर लिखो :**

चुभने वाली

**Solution:** चुभने वाली - **बात**

## सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (२) ३. | Page 15

**उत्तर लिखो :**

फटने वाले

**Solution:** फटने वाले - **पटाखे**

## सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 15

चुप रहने के चार फायदे लिखो :

१. ______

२. ______

३. ______

4. ______

**Solution:** **चुप रहने के चार फायदे लिखो :**

१. विवाद से बचते हैं।

२. मन शांत रहता है।

३. एकाग्रता बढ़ती है।

४. आत्मचिंतन में सहायता मिलती है।

## सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 15

**कविता की अंतिम चार पंक्तियों का अर्थ लिखो।**

बात बेबात कोई चुभने लगे तो,
बदलकर उसे मोड़ना सीख लीजे।

ये किसने कहा होंठ सीकर के बैठो,
जरूरत पे मुँह खोलना सीख लीजे।

**Solution:** कवि पहली दो पंक्तियों में कहता है कि यदि कोई छोटी-बड़ी बात आपके हृदय को कष्ट पहुँचाए, तो उसे मोड़ना चाहिए अर्थात उसे भुलाने या उसकी नकारात्मकता के बजाय उसके सकारात्मक पहलुओं पर विचार करना चाहिए। कवि के अनुसार अनायास ही परेशान करने वाली बातों को सोचने से बेहतर है, उस परेशानी को दूर करने या उसके सकारात्मक पहलुओं पर विचार कर स्वयं के हौसले को बुलंद करने का प्रयास करना चाहिए। अंतिम दो पंक्तियों में कवि कहता है कि यह कोई नहीं कहता है कि अपने होंठ सिलकर बैठो अर्थात किसी भी बात पर अपनी

प्रतिक्रिया मत दो, बल्कि जरूरत के समय अपना मत व्यक्त करना आना चाहिए। कवि के अनुसार हमेशा अपनी जुबाँ पर ताला लगाना न ही उचित है और न ही कोई ऐसी सलाह देता है। अत: आवश्यकता पड़ने पर प्रतिक्रिया देना बहुत जरूरी है।

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (५) | Page 15

**कविता में आए इस अर्थ के शब्द लिखो :**

| | अर्थ | शब्द |
|---|---|---|
| (१) | मधु | _____ |
| (२) | कड़वे | _____ |
| (३) | विचार | _____ |
| (४) | आवश्यकता | _____ |

**Solution:**

| | अर्थ | शब्द |
|---|---|---|
| (१) | मधु | **शहद** |
| (२) | कड़वे | **कटु** |
| (३) | विचार | **खयाल** |
| (४) | आवश्यकता | **जरूरत** |

## भाषा बिंदु [PAGE 15]

### भाषा बिंदु | Q 1 | Page 15

**उपसर्ग/प्रत्यय अलग करके मूल शब्द लिखो :**

भारतीय, आस्थावान, व्यक्तित्व, स्नेहिल, बेबात, निरादर, प्रत्येक, सुयोग

**Solution:** भारत, आस्था, व्यक्ति, स्नेह, बात, आदर, एक, योग

## उपयोजित लेखन [PAGE 15]

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 15

'यातायात की समस्याएँ एवं उपाय' विषय पर निबंध लिखो।

**Solution:** आज के इस आधुनिक युग में यातायात के साधनों का अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। रेल, हवाईजहाज, पानी के विशाल जहाज, कार इत्यादि आधुनिक यातायात के साधनों के बगैर इस आधुनिक युग की कल्पना करना भी असंभव है। इन साधनों के कारण ही मानव का जीवन सरल व सुखमय बन पाया है। यातायात मानव के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। मुख्यत: यातायात के तीन प्रकार होते हैं, जिनमें जल, वायु व सड़क यातायात का समावेश है।

यातायात के विभिन्न साधन विज्ञान की अनमोल देन हैं। इनके उपयोग से मनुष्यजाति को अनगिनत लाभ हुए हैं। जिस प्रकार हर सिक्के के दो पहलू होते हैं, उसी प्रकार यातायात के साधनों से लाभ के साथ ही कुछ हानियाँ भी जुड़ी हुई हैं। इन साधनों के अधिकाधिक उपयोग के कारण पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सड़क पर सरपट दौड़ने वाली बस, कार, स्कूटर, रिक्शा इत्यादि से निकलने वाले रासायनिक पदार्थ व गैस हमारे पर्यावरण को जहरीला बना रहे हैं। हवाईजहाजों, हेलीकॉप्टरों आदि के कारण पंछियों की कई प्रजातियों पर खतरा मँडराने लगा है तथा वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। समुद्र में चलने वाले विशालकाय जहाजों से वातावरण को क्षति तो पहुँच रही है साथ ही समुद्री जीव भी संकट में आ गए हैं। सड़क यातायात के साधनों की संख्या दिन दूनी रात चौगुनी रफ़्तार से बढ़ रही है। इसके साथ ही सड़कों, हवाईअड्डों आदि के निर्माण के लिए जंगलों व पहाड़ों को काटा जा रहा है। नदियों व समुद्र के तटीय क्षेत्रों पर अतिक्रमण किया जा रहा है।

पर्यावरण पर हो रहे प्रतिकूल परिणामों को रोकना अब अति आवश्यक हो गया है। यदि जल्द ही पर्यावरण में बढ़ रहे प्रदूषण को रोका नहीं गया, तो हमारा पर्यावरण जीवन के लायक नहीं रह जाएगा। यह विषाक्त हो जाएगा। अत: हमें अधिकाधिक निजी यातायात साधनों के इस्तेमाल से बचकर सार्वजनिक यातायात साधनों, जैसे – बस, रेलगाड़ी इत्यादि का उपयोग करना चाहिए। सड़क, वायु व समुद्री यातायात के साधनों का उपयोग करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनसे निकलने वाले रासायनिक पदार्थ व गैस वातावरण को कम-से-कम क्षति पहुँचाएँ। अधिकाधिक वृक्षारोपण करने हेतु व्यापक तौर पर प्रभावी अभियान चलाए जाएँ। इस प्रकार जरूरी उपायों पर ध्यान देकर हम यातायात के साधनों का लाभ लेने के साथ ही उनके कारण होने वाली समस्याओंसे भी छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं।

## उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 15

मैंने समझा

________________

________________

________________

**Solution:** सदैव सोच-विचारकर सही समय पर बोलना चाहिए; वाणी मीठी होनी चाहिए; वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए और जरूरत के वक्त पर बोलने से पीछे नहीं हटना चाहिए।

# मेरे रजा साहब

## सूचना नुसार कृतियाँ करो [PAGE 18]

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 18

**संजाल पूर्ण करो :**




**Solution: रजा साहब की स्वभावगत विशेषताएँ :**

१. उनके मन में सर्वधर्मसमभाव की भावना थी।


२. छोटी-छोटी बातों को भी वह महत्त्व देते थे।

३. अपने काम को बड़ी तन्मयता और लगन के साथ करते थे।


४. वे बहुत ही धैर्यवान थे।

### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 18

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:**




### सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 18

**सूची तैयार करो :**

पाठ में आए विविध देशों के नाम।

**Solution: पाठ में आए विविध देशों के नाम :**

१. भारत

२. पेरिस

३. लंदन

४. न्यूयॉर्क

## सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 18

**सूची तैयार करो :**

पाठ में उल्लिखित विविध भाषाएँ।

**Solution: पाठ में उल्लिखित विविध भाषाएँ :**

१. हिंदी


२. उर्दू

३. अंग्रेजी

४. फ्रेंच

## सूचना नुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 18

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution: खाने की इन चीजों में रजा साहब की जान अटकी रहती :**

१. दाल

२. चावल

३. रोटी

४. आलू की सब्जी

**भाषा बिंदु [PAGE 18]**

**भाषा बिंदु | Q 1 | Page 18**

पाठ्यपुस्तक से दस वाक्य चुनकर उनमें से उद्देश्य और विधेय अलग करके लिखो।

**Solution:** १. हेलेना बहुत खूबसूरत हिंदी बोलती थी।

२. पत्नी बड़ी प्रसन्न हुई।

३. खिड़कियाँ खुली रह गइर् होंगी।

४. ठेकेदार नया था।

५. घमंडी दाँत अब निरुत्तर थे।

६. हरेक आदमी शिकार करता था।

७. बैंक खुले हुए हैं।

८. शालू बच्ची लगती थी।

९. लेखक अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने लगा।

१०. पढ़ाई पिछड़ती गई।

| क्र. | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| १. | हेलेना | बहुत खूबसूरत हिंदी बोलती थी। |
| २. | पत्नी | बड़ी प्रसन्न हुई। |
| ३. | खिड़कियाँ | खुली रह गइर् होंगी। |
| ४. | ठेकेदार | नया था। |
| ५. | घमंडी दाँत | अब निरुत्तर थे। |
| ६. | हरेक आदमी | शिकार करता था। |
| ७. | बैंक | खुले हुए हैं। |
| ८. | शालू | बच्ची लगती थी। |
| ९. | लेखक | अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने लगा। |

| | | |
|---|---|---|
| १०. | पढ़ाई | पिछड़ती गई। |

## उपयोजित लेखन [PAGE 18]

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 18

'जहाँ चाह होती है वहाँ राह निकल आती है', इस सुवचन पर आधारित अस्सी शब्दों तक कहानी लिखिए।

**Solution:**

**जहाँ चाह होती है वहाँ राह निकल आती है**

मेहनती रोहन अपनी माँ के साथ गाँव में रहता था। वह बहुत ही गरीब था। बचपन में ही उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। रोहन की पढ़ाई-लिखाई व उसके भरण-पोषण की जिम्मेदारी उसकी माँ पर ही थी। माँ सब्जियाँ बेचकर घर चलाती थी। रोहन बहुत ही होशियार था। वह हमेशा बुद्धिमानी व चतुराई से कार्य करता था। जीवन में एक सफल इंसान बनकर दूसरों की सेवा करना उसका लक्ष्य था। एक दिन अचानक बीमार पड़ने के कारण माँ सब्जियाँ बेचने नहीं जा पाई। दवा खाने के बाद भी माँ की तबियत में कोई सुधार नहीं हुआ, बल्कि हालत और भी खराब होती गई। रोहन ने बड़े डॉक्टर से माँ का इलाज करवाया। घर में जितने भी पैसे थे सारे माँ के इलाज में खर्च हो गए। डॉक्टर ने माँ को कुछ दिन आराम करने की सलाह दी।

सारे पैसे खर्च हो जाने के कारण रोहन अपने विद्यालय की फीस नहीं जमा कर पाया। शिक्षक ने जब उसे बुलाकर फिस न जमा करने का कारण पूछा तो रोहन ने सारी बात शिक्षक को बताई। शिक्षक ने प्रधानाचार्य से बातकर रोहन की उस महीने की फीस माफ करा दी।

रोहन की घर की स्थिति देखकर उसके पड़ोसियों ने उसे समझाया कि तुम पढ़ाई- लिखाई छोड़कर कोई नौकरी करो और अपनी माँ की देखभाल करो। रोहन को अपनी पढ़ाई नहीं छोड़नी थी। उसे पढ़-लिखकर डॉक्टर बनना था, परंतु उसे कुछ समझ नहीं रहा था कि वह क्या करे। अगले महीने जब फिर से वह विद्यालय की फीस नहीं भर पाया तो, शिक्षक ने उसे एक सुझाव दिया कि तुम विद्यालय के बाद छोटे-छोटे विद्यार्थियों को पढ़ाया करो, उससे तुम्हें थोड़ी आर्थिक मदद मिलेगी। रोहन भी इस बात के लिए मान गया। उसने अपने शिक्षक की सहायता से छोटे बच्चों को पढ़ाना शुरू किया और अपने मित्र की सहायता से सुबह घर-घर अखबार पहुँचाने का कार्य करने लगा।

माँ अपने बेटे को इस तरह कड़ी मेहनत करते देख परेशान हो गई, परंतु रोहन ने माँ को प्यार से समझाया कि अब वह बड़ा हो गया है। अपने बेटे की बड़ी-बड़ी बातें सुनकर माँ की आँखों में आँसू आ गए। देखते-ही-देखते रोहन के पास ढेर सारे पैसे जमा हो गए और उसने वे पैसे अपनी माँ को दिए और विद्यालय की फीस भी जमा कर दी। पढ़ाई में कड़ी मेहनत करके रोहन इस वर्ष परीक्षा में अव्वल आया और विद्यालय ने उसकी आगे की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति देना शुरू किया। इस तरह रोहन ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपने घर को भी सँभाला और आगे चलकर वह एक

डॉक्टर बन गया। गाँव के लोग रोहन की तरक्की देखकर बस यही कहते थे, 'जहाँ चाह होती है वहाँ राह निकल आती है।'

**सीख**: यदि मन में कुछ पाने की चाह हो तो उसके लिए रास्ते अपने आप निकल आते

## उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 18

मैंने समझा

_____________________

_____________________

_____________________

**Solution:** व्यक्ति को सर्वधर्मसमभाव की भावना के साथ सर्वत्र प्रेम फैलाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में छोटी-बड़ी बातों को महत्त्व देते हुए अपने कर्तव्यों का शांति व धैर्य से पालन करना चाहिए। इसके साथ ही व्यक्ति को अपने मित्र के प्रति कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए।

### स्वयं अध्ययन [PAGE 18]

## स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 18

किसी गायक/गायिका की सचित्र जानकारी लिखो।

**Solution:** मेरी प्रिय गायिका 'स्वर कोकिला' के नाम से विख्यात श्रीमती लता मंगेशकर जी हैं। लता जी का जन्म २८ सितंबर, १९२९ को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। लता जी के पिता जी पंडित दीनानाथ मंगेशकर संगीत-प्रेमी व थिएटर से जुड़े थे। लगभग १३ वर्ष की आयु में अपने पिता को खो देने के बाद अपने संघर्ष से उन्होंने अपने पिता के स्वप्न को पूरा किया। 'भारतरत्न' से सम्मानित लता जी ने २० से अधिक भाषाओं में लगभग ३० हजार से अधिक गाने गाकर दुनिया में सबसे अधिक गीत गाने का गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। गायन की दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनानेवाली लता जी समय-समय पर पद्म भूषण, पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, फिल्मफेयर पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, राजीव गाँधी पुरस्कार जैसे लगभग सभी पुरस्कारों के साथ-साथ देश के सबसे बड़े पुरस्कार 'भारतरत्न' से भी नवाजी गई हैं।

# पूर्ण विश्राम

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 22]

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 22

**संजाल पूर्ण करो :**




**Solution: गैरेज की सूची में लिखी हुई चीजें**

१. मोटर में हवा भरने की पिचकारी


२. ट्यूब वाल

३. रबड़ सोल्यूशन

४. एक गैलन इंजिन आयल

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 22

**प्रवाह तालिका पूर्ण करो :**




**Solution: जुहू जाते वक्त साथ में ली गई वस्तुएँ :**

१. समाचारपत्र, गुलबंद व बेदिंग सूट

२. नोट पेपर, लिफाफे, राइटिंग पैड और चिटठियाँ


३. बिजली के बिल और बीमा के नोटिस

४. धूप का चश्मा, छतरी, धूप से बचने की क्रीम, कैंची, ब्रश, नया अखबार, समालोचना की तीन किताबें और कविता की कई कतरनें

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 22

**लिखो :**

**पर्यायवाची शब्द :**





**Solution:** ऐनक - **चश्मा, उपनेत्र**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 22

**लिखो :**

**पर्यायवाची शब्द :**




**Solution:** रात - **रात्रि, रजनी, निशा**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ३. | Page 22

**लिखो :**

**पर्यायवाची शब्द :**





**Solution:** अखबार - **समाचारपत्र, दैनिक**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ४. | Page 22

**लिखो :**

**पर्यायवाची शब्द :**



**Solution:** घर - **सदन, गृह, निवास**

## भाषा बिंदु [PAGE 22]

### भाषा बिंदु | Q 1 | Page 22

**निम्नलिखित समोच्चारित भिन्नार्थक हिंदी शब्द का अर्थ लिखो तथा उन शब्द का अलग-अलग पूर्ण वाक्यों में प्रयोग कराे :**

हार

**Solution: पराजय, आभूषण**

**वाक्य :**

१. युद्ध में शत्रु सेना की **पराजय** हुई।

२. रानी के **आभूषण** बहुत सुंदर हैं।

### भाषा बिंदु | Q 2 | Page 22

**निम्नलिखित समोच्चारित भिन्नार्थक हिंदी शब्द का अर्थ लिखो तथा उन शब्द का अलग-अलग पूर्ण वाक्यों में प्रयोग कराे :**

वार

**Solution: दिन, प्रहार**

**वाक्य :**

१. आज का **दिन** बहुत अच्छा है।

२. शिवाजी महाराज ने शत्रुओंपर निडरता से **प्रहार** किया।

### भाषा बिंदु | Q 3 | Page 22

**निम्नलिखित समोच्चारित भिन्नार्थक हिंदी शब्द का अर्थ लिखो तथा उन शब्द का अलग-अलग पूर्ण वाक्यों में प्रयोग कराे :**

हल

**Solution: समाधान, खेत जोतने का यंत्र**

**वाक्य :**

१. राजू ने मेरी समस्या का **समाधान** किया।

२. पिता जी **खेत जोतने का यंत्र** खरीद लाए।

## भाषा बिंदु | Q 4 | Page 22

**निम्नलिखित समोच्चारित भिन्नार्थक हिंदी शब्द का अर्थ लिखो तथा उन शब्द का अलग-अलग पूर्ण वाक्यों में प्रयोग कराे :**

सीना

**Solution: सिलाई, छाती**

**वाक्य :**

१. रमा ने छुट्टियों में **सिलाई** सीखी।

२. अंगद की **छाती** में दर्द हो रहा था।

## भाषा बिंदु | Q 5 | Page 22

**निम्नलिखित समोच्चारित भिन्नार्थक हिंदी शब्द का अर्थ लिखो तथा उन शब्द का अलग-अलग पूर्ण वाक्यों में प्रयोग कराे :**

ज्वार

**Solution: अनाज, समुद्र के जल का ऊपर उठना**

**वाक्य :**

१. किसान **अनाज** उगाता है।

२. वर्षा के मौसम में **समुद्र का जल ऊपर उठने** लगता है।

## भाषा बिंदु | Q 6 | Page 22

**निम्नलिखित समोच्चारित भिन्नार्थक हिंदी शब्द का अर्थ लिखो तथा उन शब्द का अलग-अलग पूर्ण वाक्यों में प्रयोग कराे :**

सुमन

**Solution: फूल, विचारवान**

**वाक्य :**

१. बगीचे में **फूल** खिले हैं।

२. पुरानी पीढ़ी बहुत **विचारवान** थी।

**उपयोजित लेखन [PAGE 22]**

## उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 22

**कोई साप्ताहिक पत्रिका अनियमित रूप में प्राप्त होने के विरोध में शिकायत करते हुए संपादक को निम्न प्रारूप में पत्र लिखो :**

**पत्र का प्रारूप**
**(औपचारिक पत्र)**

दिनांक :
प्रति,
______
______
विषय : ______
संदर्भ : ______
महोदय,
विषय विवेचन
__________________________________________
भवदीय/भवदीया,
__________
नाम : __________
पता : __________
__________
ई-मेल आईडी : __________

**Solution:**

२१ जून, २०१९
प्रति,
परिणय पत्रिका संपादक,
म.जे. रोड,
मुंबई।

विषय: साप्ताहिक पत्रिका अनियमित रूप में प्राप्त होने के विरोध में शिकायत।
महोदय,

मैं तारक शर्मा आपकी साप्ताहिक पत्रिका की ग्राहक हूँ। पिछले कुछ सप्ताहों से मुझे आपकी साप्ताहिक पत्रिका अनियमित रूप से प्राप्त हो रही है। मेरे साथ-साथ घर के और सदस्य भी इस पत्रिका को पढ़ने के आदी हैं, परंतु पत्रिका अनियमित रूप से प्राप्त होने के

कारण हम सभी उसे नहीं पढ़ पा रहे हैं। आपकी इस लापरवाही से हमें बहुत निराशा हुई है। कृपया आप पत्रिका समय पर उपलब्ध कराने की कोशिश करें।

आशा है आप मेरी समस्या की गंभीरता को समझते हुए उसका समाधान जल्द ही करेंगे।

धन्यवाद!
भवदीया,
तारक
तारक शर्मा,
४/डी,
वीमेन अपार्टमेंट,
दादर,
मुंबई।
tarak@xyz.com

### उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 22

मैंने समझा

_______________

_______________

_______________

**Solution:** व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन में विश्राम करने का बिल्कुल मौका नहीं मिलता। यदि मौका मिल भी जाए तो वह घरेलू कारणों से उसका लाभ नहीं उठा पाता। अत: हमें सैर पर जाने से पहले आवश्यक चीजों की सूची बनानी चाहिए और पूर्ण व्यवस्था के साथ सैर पर जाना चाहिए। इससे हम बिना चिंता के विश्राम तथा सैर का आनंद उठा सकते हैं।

## स्वयं अध्ययन [PAGE 22]

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 22

प्राचीन काल से आज तक प्रचलित संदेश वहन के साधनों की सचित्र सूची तैयार करो।

**Solution:**

| | |
|---|---|
| **कबूतर:** | प्राचीन काल में संदेश पहुँचाने की सुविधाएँ नहीं थी। तब कबूतर ही संदेशवाहक का काम करते थे। संदेश एक चिट्ठी में लिखकर उसे एक नली में रखते और वह नली कबूतर के पैरों में बाँध दी जाती थी। इसके अतिरिक्त कबूतर को आवश्यक निर्देश भी दिए जाते थे। प्रशिक्षित होने के कारण वह रास्ता नहीं भटकता था। युद्ध के दौरान कबूतरों द्वारा ही महत्त्वपूर्ण संदेश हर जगह पहुँचाए जाते थे। |
| **डाक सेवा:** | भारतीय डाक प्रणाली का इतिहास काफी रोमांचक और पुराना है। पहली डाक व्यवस्था का श्रेय अलाउद्दीन खिलजी को जाता है। उस समय घुड़सवारों द्वारा संदेश लाने ले जाने की व्यवस्था की गई थी। बदलते माहौल के अनुसार इसमें भी परिवर्तन हुआ और भारत में पहला पोस्ट ऑफिस ३१ मार्च, १७७४ को मुंबई में खुला था। धीरे-धीरे भारत के कई राज्यों में डाक सेवाएँ शुरू हो गइर्। इसमें डाकिए चिट्ठियाँ पहुँचाने का कार्य करने लगे। यह सेवा वर्तमान युग में भी जारी है। भारतीय डाक प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं। अनेक डाकघरों में बहुउद्देशीय काउंटर मशीनें लगाई गई हैं, जिनके माध्यम से मनीऑर्डर, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट आदि की सुविधा उपलब्ध हो गई है। |
| **टेलीफोन:** | टेलीफोन के आने से संदेश भेजना बहुत ही सरल हो गया। इसमें एक-दूसरे से मौखिक रूप से बात करने की सुविधा बनाई गई, जिससे यह संदेश वहन का सबसे सशक्त माध्यम बन गया। टेलीफोन के जरिए दूसरे राज्यों या देशों में रहने वाले लोगों से भी आसानी से संपर्क स्थापित होने लगा। |
| **कंप्यूटर:** | विज्ञान की प्रगति ने कंप्यूटर का आविष्कार किया, जिससे हम कंप्यूटर के माध्यम से अपने संदेश को ई-मेल द्वारा कहीं पर भी तुरंत भेज सकते हैं। सात समुंदर पार बैठे व्यक्ति से वीडियो चैट द्वारा प्रत्यक्ष रूप से देखते हुए बातें भी कर सकते हैं, परंतु कंप्यूटर संदेशवहन का सबसे महँगा साधन था। |
| **मोबाइल:** | मोबाइल के आविष्कार ने दुनिया में धूम मचा दी और आज वर्तमान युग में मोबाइल संदेशवहन का सबसे सस्ता साधन बन गया है। मोबाइल में संदेशवहन की सारी सुविधाएँ हैं, जिसके माध्यम से व्यक्ति घर बैठे ही किसी से भी वीडियो कॉल के जरिए आसानी से प्रत्यक्ष रूप से बात कर सकता है। इसमें ऑडियो कॉल की दरें भी बहुत सस्ती हैं। संदेश भेजने के साथ-साथ यह मनोरंजन एवं जानकारी प्राप्त करने का भी साधन बन गया है। |


# अनमोल वाणी

---


**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 24]**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q 1 | Page 24**

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:**




**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 24**

**कविता में इस अर्थ में आए शब्द लिखो :**

ठंडा

**Solution:** ठंडा - **शीतल**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 24**

**कविता में इस अर्थ में आए शब्द लिखो :**

कोई

**Solution:** कोई - **कोय**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ३. | Page 24**

**कविता में इस अर्थ में आए शब्द लिखो :**

बलराम

**Solution:** बलराम - **बल, हलधर**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ४. | Page 24


**कविता में इस अर्थ में आए शब्द लिखो :**

मक्खन

**Solution:** मक्खन - **माखन**

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 24

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution: श्रीकृष्ण द्वारा चोटी के संदर्भ में की गई बातें**

१. चोटी कब बढ़ेगी?

२. कितना समय हो गया दूध पीते हुए फिर भी यह चोटी छोटी ही है।

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 24

'भोजन का प्रभाव'- टिप्पणी लिखो।

**Solution:** भारतीय परंपराओं के अनुसार भोजन सिर्फ हमारे शरीर की आवश्यकता नहीं है, अपितु इसका असर हमारे मन पर भी पड़ता है। इसी कारणवश भोजन को सात्विक, राजसिक व तामसिक भोजन ऐसी तीन श्रेणियों में बाँटा गया है। कहा जाता है, 'जैसा खाए अन्न, वैसा बने मन' अर्थात हम जैसा भोजन ग्रहण करते हैं, उसके अनुरूप हमारे तन व मन पर प्रभाव पड़ता है। जैसे यदि हम सात्विक भोजन करते हैं, तो हमारे मन में दया, क्षमा, प्रेम जैसे भाव अधिक होते हैं। राजसिक भोजन करने से आवेश, कामुकता, तनाव, आलस्य जैसे भाव व्यक्ति में बढ़ जाते हैं। इसके अलावा तामसिक भोजन करने वाले व्यक्तियों में क्रोध, हिंसा, उत्तजेना जैसे भाव बहुत अधिक होने की संभावना होती है। इस तरह यह कहा जा सकता है कि भोजन का हमारे शरीर व मन दोनों पर बहुत प्रभाव पड़ता है।

**कल्पना पल्लवन [PAGE 24]**

### कल्पना पल्लवन | Q 1 | Page 24

पानी, वाणी, दूध इन शब्दों का उपयोग करते हुए कोई कविता लिखो।

**Solution:** दीदी मेरी बड़ी सयानी,
बोले हरदम मीठी वाणी।
दूध-भात है उसको भाता,
लुका-छिपी में मजा है आता।
वर्षा ऋतु जब आती है,
पानी में उधम मचाती है।
पढ़ने-लिखने में बहुत है तेज,
बोले अंग्रेजी जैसे अंग्रेज।
मेरी दीदी है सबसे प्यारी,
मेरी तो दुनिया है सारी।

**भाषा बिंदु [PAGE 24]**

### भाषा बिंदु | Q 1 | Page 24

पाठों में आए अलग-अलग काल के वाक्य ढूँढ़कर उनका अन्य कालों में परिवर्तन करो।

**Solution: पाठ में आए वाक्य व उनका काल-भेद :**

| | | |
|---|---|---|
| १. | अल्पज्ञ पिता बड़ा दयनीय जीव होता है। | (सामान्य वर्तमानकाल) |
| २. | मनुष्य किस ओर बढ़ रहा है? | (अपूर्ण वर्तमानकाल) |
| ३. | ढेरों दाने भंडार में रखे हैं। | (पूर्ण वर्तमानकाल) |
| ४. | राजा रथ पर सवार हो गया। | (सामान्य भूतकाल) |
| ५. | राष्ट्रीय ध्वज लेकर नगर में प्रभात फेरी भी करता था। | (अपूर्ण भूतकाल) |
| ६. | तुम चारों को गेहूँ के सौ-सौ दाने दिए थे। | (पूर्ण भूतकाल) |
| ७. | राजा उसे ही अपना राजपाट साैंपेगा। | (सामान्य भविष्यकाल) |
| ८. | सभी खुश हो रहे होंगे। | (अपूर्ण भविष्यकाल) |
| ९. | खिड़कियाँ खुली रह गई होंगी। | (पूर्ण भविष्यकाल) |

**परिवर्तित काल के वाक्य :**

| | | |
|---|---|---|
| १. | अल्पज्ञ पिता बड़ा दयनीय जीव होता था। | (अपूर्ण भूतकाल) |
| २. | मनुष्य किस ओर बढ़ चुका है? | (पूर्ण वर्तमानकाल) |
| ३. | ढेरों दाने भंडार में रख चुके होंगे। | (पूर्ण भविष्यकाल) |
| ४. | राजा रथ पर सवार हो रहा है। | (अपूर्ण वर्तमानकाल) |
| ५. | राष्ट्रीय ध्वज लेकर नगर में प्रभात फेरी भी करता है। | (सामान्य वर्तमानकाल) |
| ६. | तुम चारों को गेहूँ के सौ-सौ दाने दिए। | (सामान्य भूतकाल) |
| ७. | राजा उसे ही अपना राजपाट सा◌ै◌ंप रहा होगा। | (अपूर्ण भविष्यकाल) |
| ८. | सभी खुश हो चुके थे। | (पूर्ण भूतकाल) |
| ९. | खिड़कियाँ खुलेंगी। | (सामान्य भविष्यकाल) |

**उपयोजित लेखन [PAGE 24]**

## उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 24

'आगे कुआँ पीछे खाई' कहावत का अर्थ लिखकर उससे संबंधित कोई प्रसंग लिखो।

**Solution: अर्थ** : चारों ओर संकट से घिर जाना।

**प्रसंग** : मेरा दोस्त अविनाश कुछ समय पहले तक मेरे पड़ोस में ही रहता था। उसका एक छोटा भाई है मनीष। अजय व मनीष दोनों भाइयों की शादी हो चुकी है। अविनाश बड़ा है और वीरेश करीब पाँच साल छोटा है। वीरेश की शादी हुए अभी दो साल ही हुए थे। दोनों भाइयों में अथाह प्रेम था। दोनों की पत्नियाँ भी शुरू-शुरू में बड़े प्रेम से रहती थीं, लेकिन समय के साथ ही दोनों एक-दूसरे की शक्ल देखना भी नापसंद करने लगीं। दोनों ने बँटवारे का निर्णय ले लिया और अपने-अपने पतियों को ऐसा करने पर मजबूर करने लगीं।

दोनों भाइयों ने अपनी-अपनी पत्नियों को समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन किसी ने एक न मानी। दोनों भाइयों ने कोई ठोस निर्णय लेने के लिए एक साथ बैठकर सलाह-मशविरा किया। अविनाश ने कहा कि यदि बँटवारा होता है, तो दोनों भाइयों के बीच में दीवार पैदा हो जाएगी और यदि बँटवारा नहीं होता है, तो घर की औरतों में कलह बढ़ेगा। दोनों के सामने 'आगे कुआँ पीछे खाई' की स्थिति पैदा हो गई थी। अंततः दोनों ने परिवार की सुख-शांति के लिए अपने-अपने दिलों पर पत्थर रखकर अलग्योझा करने का निर्णय लिया। कुछ समय पहले ही दोनों भाइयों मे शांतिपूर्वक अलग्योझा हुआ। पहले दोनों भाई अपने पुश्तैनी मकान में एक साथ रहते थे, लेकिन अब दोनों ने उसी क्षेत्र में अपना-अपना किराए का मकान ले लिया है। उन्होंने अपना पुराना पुश्तैनी

मकान भी बेच दिया। दोनों भाइयों की पत्नियाँ अब एक-दूसरे से दूर हो गई हैं, लेकिन भाइयों का दिल अब भी एक-दूसरे के लिए धड़कता है। अक्सर दोनों एक-दूसरे से मिलते हैं और जरूरत पड़ने पर एक-दूसरे की सहायता भी करते हैं।

### उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 24

मैंने समझा

________________

________________

________________

**Solution:** जीवन में सद्‌गुणों को अपनाते हुए नम्रता के साथ सच्चाई व ईमानदारी की राह पर चलना चाहिए।

**स्वयं अध्ययन [PAGE 24]**

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 24

'हाफ मैराथन' में सफलता प्राप्त करने के लिए कौन-कौन-सी तैयारियाँ करोगे, लिखो।

**Solution: 'हाफ मैराथन' में सफलता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित निर्देशों का पालन कर तैयारी कर सकते हैं :**

१. अच्छे प्रशिक्षक का मार्गदर्शन।

२. संतुलित भोजन करना।

३. दौड़ का अधिकाधिक अभ्यास।

४. दिनचर्या की समय-सारिणी बनाना व उसका अनुसरण करना।

५. जंकफूड से दूर रहना।

६. किसी भी प्रकार का व्यसन न करना।


७. स्वास्थ्यवर्धक खाद्यपदार्थों का संतुलित सेवन करना

# धरती का आँगन महके

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 26]

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q 1 | Page 26

**प्रवाह तालिका पूर्ण करो :**




**Solution: कवि की अपेक्षाएँ :**

१. धरती का आँगन कर्मज्ञान-विज्ञान से महके।


२. धरती सदैव हरी-भरी रहे।

३. विनाशक अस्त्रों से इनसान का संबंध न हो।


४. सभी मिलकर वसुधा का जयगान करें।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q 2.1 | Page 26

**कृति पूर्ण करो :**





**Solution:**





### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q 2.2 | Page 26

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:**




### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 26

**उत्तर लिखो :**

मेधा की ऊँचाई नापेगा

**Solution:** मेधा की ऊँचाई नापेगा - **प्रतिभा का पैमाना**

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 26


**उत्तर लिखो :**

हम सब मिलकर करें


**Solution:** हम सब मिलकर करें - **जयगान से वसुधा की अर्चना**

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 26

**कृति करो :**




**Solution:**




## भाषा बिंदु [PAGE 26]

### भाषा बिंदु | Q (अ) १. | Page 26

**निम्नलिखित शब्द का समानार्थी शब्द लिखो तथा उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

शरीर

**Solution:** शरीर - **तन**

**तन** स्वस्थ रहेगा, तो मन भी स्वस्थ रहेगा।

### भाषा बिंदु | Q (अ) २. | Page 26

**निम्नलिखित शब्द का समानार्थी शब्द लिखो तथा उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

मनुष्य

**Solution:** मनुष्य - **इनसान**

**इनसान** ईश्वर की सबसे बड़ी रचना है।

### भाषा बिंदु | Q (इ) ३. | Page 26

**निम्नलिखित शब्द का समानार्थी शब्द लिखो तथा उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

पृथ्वी

**Solution:** पृथ्वी - **धरती**

**धरती** को हरा-भरा बनाना हमारा कर्तव्य है।

### भाषा बिंदु | Q (ई) ४. | Page 26

**निम्नलिखित शब्द का समानार्थी शब्द लिखो तथा उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

छाती

**Solution:** छाती - **वक्षस्थल**

राम ने **वक्षस्थल** पर माला धारण की।

### भाषा बिंदु | Q (उ) ५. | Page 26

**निम्नलिखित शब्द का समानार्थी शब्द लिखो तथा उनका वाक्य में प्रयोग करो :**

पथ

**Solution:** पथ - **राह**

**राह** मुश्किल हो फिर भी हार नहीं माननी चाहिए।

## भाषा बिंदु [PAGE 26]

### भाषा बिंदु | Q (आ) | Page 26

पाठों में आए सभी प्रकार के सर्वनाम ढूँढ़कर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

**Solution:** १. **मैं** – पुरुषवाचक सर्वनाम

**वाक्य : मैं** इसका जवाब कल दूँगा।

२. **वे** – निश्चयवाचक सर्वनाम

**वाक्य : वे** गेंद खेलने नदी किनारे गए हैं।

३. **कोई** – अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**वाक्य : कोई** हमारा विरोध नहीं करेगा।

४. **अपने** – निजवाचक सर्वनाम

**वाक्य :** उसने **अपने** हिस्से का भोजन दान दे दिया।

५. **कौन** – प्रश्नवाचक सर्वनाम

**वाक्य : कौन** यहाँ आ रहा है?

६. **जो-सो** – संबंधवाचक सर्वनाम

**वाक्य : जो** मेहनत करेगा **सो** सफल होगा।

उपयोजित लेखन [PAGE 26]

### उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 26

'छाते की आत्मकथा' विषय पर निबंध लिखो।

**Solution:**

मैं छाता हूँ। छोटा हूँ, लेकिन बहुत उपयोगी हूँ। पूरे विश्व में लोग मेरा उपयोग करते हैं। वर्षा ऋतु में मेरे बगैर कोई अपने घर से बाहर भी नहीं निकलता है। मैं छोटे-बड़े, रंगबिरंगे अनेक रूपों में मिलता हूँ। अपनी सुविधानुसार कभी आप मुझे छोटा करके अपने थैले में डाल सकते हैं, तो कभी आप मेरा उपयोग छड़ी की भाँति भी कर सकते हैं। मैं लोगों को बरसात के साथ ही गर्मी से भी बचाता हूँ।

भारत में मेरा प्रचलन १९वीं सदी के अंत में हुआ। माना जाता है कि मेरा आविष्कार चीन में हुआ था। इसके बाद अपनी उपयोगिता के कारण मैं धीरे-धीरे पूरे विश्व में प्रसिद्ध होने लगा। चीन में शुरू-शुरू में धूप से बचने के लिए लोग मेरा उपयोग करते थे। इसके बाद मुझपर मोम की परत चढ़ाकार बरसात में मेरा उपयोग किया जाने लगा। रोम में मेरा उपयोग धूप से बचने के लिए किया जाता था। इंग्लैंड में मेरा उपयोग सबसे पहले जॉन हेरवे द्वारा किया गया था। शुरुआती दिनों में लोग मुझे पेटीकोट वाली छड़ी के रूप में जानते थे।

समय के साथ-ही-साथ मेरा रूप-रंग बदलता गया। मेरे ऊपर का कपड़ा बदला; मेरा हत्था बदला; मेरे भीतर लगने वाली तीलियाँ भी बदलीं और आज मैं आपके सामने नए-नए व आकर्षक रूप में प्रस्तुत हूँ। मेरा उपयोग आप वर्षा व धूप में तो करते ही हैं, कभी-कभी मैं छोटे-मोटे अन्य

कामों में भी काम आ जाता हूँ। मेरा निर्माण मानवजाति की सेवा के लिए हुआ था और मैं अपने इस कर्तव्य को करते हुए बहुत संतुष्ट व प्रसन्न हूँ।

### उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 26

मैंने समझा

_________________

_________________

_________________

**Solution:** मनुष्य को अपने कर्म, ज्ञान व विज्ञान से विकास की राह पर आगे बढ़ना चाहिए। विध्वंसक अस्त्र-शस्त्र का निर्माण कर एक-दूसरे के मन में भय उत्पन्न करने की अपेक्षा प्रेम व सहयोग की भावना का निर्माण करना श्रेष्ठ है। यह संपूर्ण धरती एक परिवार है और हम सभी उसके सदस्य हैं। इस भावना में ही संपूर्ण मानवजाति का विकास निहित है।


# दो लघुकथाएँ

---

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 29]**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q 1 | Page 29**

**संजाल पूर्ण करो :**




**Solution: दाँतों की विशेषताएँ :**

१. साफ


२. स्वच्छ

३. शक्तिशाली

४. नुकीले

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 29**

**उत्तर लिखो :**





**Solution: जीभ द्‌वारा दी गई चेतावनी :**


जीभ दंत चिकित्सक को बुलाएगी जो एक-एक दाँत को बाहर कर देगा।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 29**

**उत्तर लिखो :**




**Solution:**




## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 29

**विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :**

जिह्वा ने अविवेक पूर्ण उत्तर दिया।

1. ✓
2. ×

**Solution:** जिह्वा ने अविवेक पूर्ण उत्तर दिया। - ×

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 29

**विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :**

दाँत घमंडी थे।

1. ✓
2. ×

**Solution:** दाँत घमंडी थे। - ✓

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ३. | Page 29

**विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :**

सभी अपराधियों को नियमानुसार सजा नहीं हुई।

1. ✓
2. ×

**Solution:** सभी अपराधियों को नियमानुसार सजा नहीं हुई। - ×

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ४. | Page 29

**विधान के सामने चौखट में सही ✓ अथवा गलत × चिह्न लगाओ :**

ठेकेदार पुराना था।

1. ✓
2. ×

**Solution:** ठेकेदार पुराना था। - ×

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 29**

**उचित जोड़ियाँ मिलाओ :**

| अ | उत्तर | आ |
|---|---|---|
| १. बहुमंजिला | _____ | १. ईमानदार |
| २. अधिकारी | _____ | २. इमारत |
| ३. नया ठेकेदार | _____ | ३. भ्रष्ट |
| 4. सार्वजनिक समारोह | _____ | ४. अनुभवी |
| | | ५. सम्मान |

**Solution:**

| अ | उत्तर |
|---|---|
| १. बहुमंजिला | **२. इमारत** |
| २. अधिकारी | **३. भ्रष्ट** |
| ३. नया ठेकेदार | **१. ईमानदार** |
| 4. सार्वजनिक समारोह | **५. सम्मान** |

**भाषा बिंदु [PAGE 29]**

**भाषा बिंदु | Q 1 | Page 29**

**निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।**

ईंट

**Solution: ईंट**

**ईंट का जवाब पत्थर से देना** - मुँहतोड़ जवाब देना।

**वाक्य**: शत्रु सेना द्वारा धोखे से हमला करने पर भारतीय सेना ने ईंट का जवाब पत्थर से दिया।

## भाषा बिंदु | Q 2 | Page 29

**निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।**

जान

**Solution: जान**

**जान पर खेलना** - अपनी जान संकट में डालना।

**वाक्य**: मनीष ने अपनी जान पर खेलकर नदी में डूबते बालक की जान बचाई।

## भाषा बिंदु | Q 3 | Page 29

**निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।**

पानी

**Solution: पानी**

**पानी-पानी होना** - लज्जित होना।

**वाक्य**: पड़ोसी के घर चोरी करते पकड़े जाने पर रमेश पानी-पानी हो गया।

## भाषा बिंदु | Q 4 | Page 29

**निम्नलिखित शब्द के आधार पर मुहावरे लिखकर उनका अपने वाक्य में प्रयोग करो।**

खिचड़ी

**Solution: खिचड़ी**

**खिचड़ी पकाना** - कोई षडयंत्र करना।

**वाक्य**: महेश खेल प्रतियोगिता जीतने के लिए अपने मित्र के साथ मिलकर खिचड़ी पका रहा है।

**उपयोजित लेखन [PAGE 29]**

## उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 29

'जल के अपव्यय की रोकथाम' संबंधी चित्रकला प्रदर्शनी का आकर्षक विज्ञापन तैयार करो।

**Solution:**

**प्रहार चित्रकला प्रदर्शनी लेकर आया है**
जल के अपव्यय की रोकथाम संबंधी प्रदर्शनी
**'जल है तो कल है'**

**उद्देश्य:**

- विभिन्न आकर्षक एवं रोचक चित्रों के माध्यम से जल के महत्त्व को दर्शाना।
- विभिन्न चित्रों के माध्यम से जल का संरक्षण करने के लिए प्रेरित करना।

हमारी इस प्रदर्शनी में शामिल हो जल के महत्त्व को जानिए।

**आपका सहयोग आने वाले**
**कल के लिए अमूल्य होगा।**

**दिनांक**: २५ दिसंबर, २०१९
**समय**: सुबह ९:०० से शाम ०६: बजे तक
**स्थान**: जंतर मंतर मैदान
**संपर्क**: ८९६५ ००००००
**ई-मेल आईडी**: prahar@gmail.com

### उपयोजित लेखन | Q (२) | Page 29

मैंने समझा

______________

______________

______________

**Solution:**

बुरे कार्य का परिणाम हमेशा बुरा ही होता है और ईमानदारी से कार्य करने वालों को सम्मान प्राप्त होता है। अत: हमें हमेशा सच्चाई व ईमानदारी की राह पर चलना चाहिए। घमंड से व्यक्ति का सिर नीचा होता है तथा विनम्रता से सिर झुकाने वाला व्यक्ति आसमान की बुलंदी को छूता है।

**स्वयं अध्ययन [PAGE 29]**

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 29

किसी ग्रामीण और शहरी व्यक्ति की दिनचर्या की तुलनात्मक जानकारी प्राप्त करके आपस में चर्चा करो।

**Solution:**

| **ग्रामीण व्यक्ति** | **शहरी व्यक्ति** |
| --- | --- |
| यह सुबह ५ बजे ही उठ जाता है। | यह ७ बजे उठता है। |
| यह अपने पशुओं को चारा डालता है। | यह नहा-धोकर नाश्ता करता है। |
| पशुओं को नहलाने के बाद खुद नहाता है और नाश्ता करता है। | यह दफ्तर जाने के लिए तैयार होता है। |
| यह खेतों में काम करता है। | यह दफ्तर में कंप्यूटर पर कार्य करता है। |
| यह शारीरिक परिश्रम करता है। | यह मानसिक परिश्रम करता है। |
| यह दोपहर में घर आकर भोजन करता है और विश्राम करता है। | यह दफ्तर में भोजन करने के बाद फिर से काम करता है। |
| यह शाम को फिर से जानवरों को चारा डालता है और खेतों में जाकर काम करता है। | यह शाम को दफ्तर से घर लौटता है। |
| सूरज ढलने के बाद घर लौटता है | घर पर परिवार के साथ वक्त बिताता है। |
| रात को भोजन कर सो जाता है। | रात को भोजन कर सो जाता है। |

# लकड़हारा और वन

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 33]**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 33**

**संजाल पूर्ण करो :**




**Solution: कुल्हाड़ी पानी में गिरने के कारण खड़ी हुई समस्याएँ :**

१. लकड़हारे को गहरे पानी में तैरना नहीं आता था।

२. लकड़हारा लकिड़याँ कैसे काटेगा?

३. लकड़हारा क्या बेचेगा?

४. लकड़हारे के बच्चे क्या खाएँगे?

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 33**

**संक्षेप में उत्तर लिखो :**

पेड़ द्वारा दिया गया संदेश

**Solution:** कभी हरा-भरा पेड़ मत काटो। उन्हें अपने बच्चों के समान पालो।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 33**

**संक्षेप में उत्तर लिखो :**

भगवान की शर्त

**Solution:** भगवान ने लकड़हारे के सामने यह शर्त रखी कि हरे-भरे पेड़ों को नहीं काटना और न ही लालच में पड़कर जरूरत से अधिक लकड़ी काटना।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ३. | Page 33**

**संक्षेप में उत्तर लिखो :**

पेड़ों के उपयोग

**Solution:** पेड़ों से साँस लेने के लिए शुद्ध हवा, पानी, खाने के लिए भोजन, थकान दूर करने के लिए ठंडी छाया आदि प्राप्त होता है।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ४. | Page 33


**संक्षेप में उत्तर लिखो :**

पेड़ों की कटाई के दुष्परिणाम


**Solution:** साँस लेने के लिए शुद्ध हवा नहीं मिलेगी, वन्य पशु बेघर हो जाएँगे, वर्षा नहीं होगी आदि।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 33

**कृति पूर्ण करो :**




**Solution:**




**भाषा बिंदु [PAGE 33]**

### भाषा बिंदु | Q (१) | Page 33

**निम्न वृत्त में दिए संज्ञा तथा विशेषण शब्दों को छाँटकर तालिका में उचित स्थानों पर उनके भेद सहित लिखो :**

- नदी
- पहाड़ी
- सीता
- वह लकड़हारा
- पानी
- चार किलो
- गरीबी
- ईमानदारी
- गंगा
- पालक
- दस

- चाँदी
- कोई
- सभा
- धनी

| संज्ञा | भेद | विशेषण | भेद |
|---|---|---|---|
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |

**Solution:**

| संज्ञा | भेद | विशेषण | भेद |
|---|---|---|---|
| नदी | जातिवाचक संज्ञा | पहाड़ी | गुणवाचक विशेषण |
| सीता | व्यक्तिवाचक संज्ञा | वह लकड़हारा | सार्वनामिक विशेषण |
| पानी | द्रव्यवाचक संज्ञा | चार किलो | निश्चित परिमाणवाचक विशेषण |
| गरीबी | भाववाचक संज्ञा | दस | निश्चित संख्यावाचक विशेषण |
| ईमानदारी | भाववाचक संज्ञा | कोई | सार्वनामिक विशेषण |
| गंगा | व्यक्तिवाचक संज्ञा | धनी | गुणवाचक विशेषण |
| पालक | व्यक्तिवाचक संज्ञा | | |
| चाँदी | द्रव्यवाचक संज्ञा | | |
| सभा | समूहवाचक संज्ञा | | |

## भाषा बिंदु | Q (२) | Page 33

लकड़हारा और वन इस पाठ में प्रयुक्त कारक विभक्तियाँ ढूँढ़कर उनका वाक्यों में प्रयोग करो।

**Solution:**

| | |
|---|---|
| के | राम के भाई दिल्ली गए। |
| में | कक्षा में कोई नहीं है। |
| पर | सड़क पर गाि‍ड़याँ खड़ी हैं। |
| को | राम को कुत्ते ने काटा। |
| के लिए | राजेश के लिए तोहफा लाया है। |
| हे! | हे प्रभु! अपनी कृपा बनाए रखो। |
| की | मीना की पायल नकली है। |
| से | पिता जी मोहन से प्रसन्न हैं। |
| से | हम पणजी से गोवा चले गए। |
| को | गरीब को भोजन दो। |
| का | अजय का बस्ता फट गया। |

## उपयोजित लेखन [PAGE 33]

## उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 33

किसी मराठी निमंत्रण पत्रिका का रोमन (अंग्रेजी) में लिप्यंतरण करो।

**Solution:**

**मराठी निमंत्रण पत्रिका और उसका रोमन (अंग्रेजी) में लिप्यंतरण निम्नलिखित है:**

**।।श्री।।**

तिलक मार्ग महाराष्ट्र साहित्य परिषदेच्या शेजारी आम्ही एक छोटे कार्यालय उभारले आहे. या कार्यालयाच्या वास्तुशांतीचा समारंभ १६ दिसंबर रोजी आम्ही करणार आहोत. त्या निमित्ताने सत्यनारायणाची पूजा या नव्या कार्यालयात करण्याचे आम्ही योजिले आहे. तरी आपण या दिवशी सायंकाळी ४ ते ७ या वेळात येऊन नव्या कार्यालयास भेट द्यावी व तीर्थप्रसाद घेऊन जावे अशी आमची आग्रहाची विनंती आहे. नव्या कार्यालयासचा पत्ता खाली दिलाच आहे, कळावे.

आपला,
राज शिंदे

पत्ता - वरुण प्रासाद,
१५/बी, तिलक मार्ग
महाराष्ट्र, पुणे.

**लिप्यंतरण**

**|| Shree ||**

Tilak Marg Maharashtra Sahitya Parishadechya shejari aamhi ek chhote kaaryaaly ubhaarle aahe. Ya kaaryaalyachya vastushanticha samarambh 16 December roji aamhi karnar aaho. Tya nimittane Satyanarayanachi Puja ya navya karyalayat karnyache aamhi yojile aahe. Tari aapan ya divashi sayankali 4 te 7 ya velat yeun navya karyalayas bhet dyavi va tirthprasad gheun jaave Ashi aamchi aagrahachi vinanti aahe. Navya karyalayacha Patta Khali dila aahe, kalave.

Aapla,
Raj Shinde

Patta - Varun Prasad,
15/B, Tilak marg,
Maharashtra, Pune.

## उपयोजित लेखन | Q (२) | Page 33

मैंने समझा

________________

________________

________________

**Solution:** पेड़ हमारे जीवनदाता हैं। इनसे हमें बहुत सारे फायदे हैं। हमारा जीवन इन्हीं पर अवलंबित है। ये हमें अपना सब कुछ देते हैं और बदले में हमसे कुछ नहीं माँगते। अत: हमें इनकी रक्षा करने में अपना योगदान देना चाहिए तथा अधिक-से-अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

**स्वयं अध्ययन [PAGE 33]**

### स्वयं अध्ययन | Q (१) | Page 33

किसानों के सामने आने वाली समस्याओं की जानकारी प्राप्त करके उन समस्याओं को दूर करने हेतु चर्चा करो।

**Solution:** भारत में कृषि और किसानों की हालत दिनों-दिन खराब होती जा रही है। परिणामस्वरूप अनेक किसान आत्महत्या तक करने को मजबूर हो रहे हैं। भारत में आज भी अधिकतर लोग कृषि पर निर्भर हैं और वे लोग अनेक समस्याओं से जूझते हुए अपना व पूरे देश का पेट भर रहे हैं। भारत सरकार काफी पैसा कृषि से संबंधित सरकारी केंद्रों के संचालन में लगाती है। लेकिन इसका अधिक लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण भ्रष्टाचार है। इन केंद्रों के अफसर किसानों की समस्याएँ दूर करने के बजाय उन पैसों का उपयोग अपने निजी कार्यों के लिए करते हैं। भारत में आज अधिकतर किसान अशिक्षित हैं, जिसके कारण वे अधिक ब्याजदरों पर बड़े-बड़े साहूकारों से कर्ज लेते हैं और जीवनभर उस कर्ज के बोझ तले दबे रहते हैं। अंतत: उन्हें मजबूरन अपनी जमीन या तो साहूकर को दे देनी पड़ती है या वे मजबूरन आत्महत्या कर लेते हैं। किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए सबसे पहले भारतीय सरकार को किसानों को प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि वे कर्ज लेते समय लिखा-पढ़ी कर सकें। किसानों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले यह सुनिश्चित करना चाहिए। किसानों को कर्ज देने वाली बैंकों की जानकारी किसानों तक पहुँचानी चाहिए, ताकि वे कम ब्याज दरों पर कर्ज लेकर कृषि कर सकें। लघु उद्योगों के बारे में किसानों को जागरूक करना चाहिए। भारत में बहुत से ऐसे लघुउद्योग हैं, जो किसान आसानी से अपने घर में चला सकते हैं, इससे उनको आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी। किसानों द्वारा उगाए गए अन्न की सही कीमत उन्हें मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। किसान हमारे अन्नदाता हैं। ये हमें जीवनदान देते हैं, तो हमारा भी कर्तव्य है कि हम इनके जीवन के बारे में सोचें।

# सौहार्द -सौमनस्य

---

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 35]**

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) १. | Page 35

**कृति पूर्ण करो :**

इन बातों में अलग होकर भी हम सब एक हैं -

- _____
- _____

**Solution: इन बातों में अलग होकर भी हम सब एक हैं -**

- धर्म
- भाषा

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) २. | Page 35

**कृति पूर्ण करो :**

बगिया की शान -

- _____
- _____

**Solution: बगिया की शान -**

- फूल
- फल

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 35

**कविता (सौहार्द-सौमनस्य) में इस अर्थ में प्रयुक्त शब्द लिखो :**

दीपक

**Solution:** दीपक - **दीप**

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 35

**कविता (सौहार्द-सौमनस्य) में इस अर्थ में प्रयुक्त शब्द लिखो :**

पुष्प

**Solution:** पुष्प - **फूल**

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ३. | Page 35

**कविता (सौहार्द-सौमनस्य) में इस अर्थ में प्रयुक्त शब्द लिखो :**

तिरस्कार

**Solution:** तिरस्कार - **नफरत**

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ४. | Page 35

**कविता (सौहार्द-सौमनस्य) में इस अर्थ में प्रयुक्त शब्द लिखो :**

प्रेम

**Solution:** प्रेम - **प्यार**

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 35

कविता (सौहार्द-सौमनस्य) में प्रयुक्त विलोम शब्दों की जोड़ियाँ लिखो।

**Solution:** १. छोटा-बड़ा

२. सिर-पैर

३. नफरत-प्यार

४. एक-अनेक

५. नकद-उधार

**भाषा बिंदु [PAGE 35]**

### भाषा बिंदु | Q (१) | Page 35

सौहार्द-सौमनस्य इस पाठ में आए अव्ययों को पहचानो और उनके भेद बताकर उनका अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग करो।

**Solution: क्रियाविशेषण अव्यय**

१. पास

२. नहीं

**वाक्य:**

१. वह राजा के पास आई।

२. मैं आपको उत्तर नहीं दूँगी।

**संबंधसूचक अव्यय**

१. की तरफ

२. के लिए

**वाक्य:**

१. वह अपने घर की तरफ निकला।

२. दर्शन के लिए वह कतार में खड़ा हो गया।

**समुच्चयबोधक अव्यय**

१. इसलिए

२. तो

**वाक्य:**

१. वह भाग गया इसलिए बच सका।

२. पढ़ाई करोगे तो उत्तीर्ण अवश्य हो जाओगे।

**विस्मयादिबोधक अव्यय**

१. धन्य

२. ठीक

**वाक्य:**

१. धन्य हो मित्र! तुम जैसा मित्र किस्मत वालों को मिलता है।

२. ठीक है! मैं सारा काम निबटा दूँगा।

**उपयोजित लेखन [PAGE 35]**

## उपयोजित लेखन | Q 1 | Page 35

**शालेय बैंड पथक के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने हेतु अपने विद्‌यालय के प्राचार्य से विद्‌यार्थी प्रतिनिधि के नाते अनुमति माँगते हुए निम्न प्रारूप में पत्र लिखो :**

| |
|---|
| दिनांक :<br>प्रति,<br>______<br>______<br>विषय : ______<br>संदर्भ : ______<br>महोदय,<br>विषय विवेचन<br>______________________________<br>______________________________<br>______________________________<br>आपका/आपकी आज्ञाकारी,<br>______________________________<br>(विद्‌यार्थी प्रतिनिधि)<br>कक्षा : ______ |

**Solution:**

१५ मार्च, २०१८
प्रति,
प्राचार्य,
शैलेन्द्र विद्यालय,
रावलपाड़ा,
दादर।

विषय: शालेय बैंड पथक की सामग्री खरीदने हेतु अनुमति के संदर्भ में। महोदय,

मैं मनीष शर्मा, कक्षा ९वीं का छात्र होने के साथ ही विद्यार्थी समूह का प्रतिनिधि हूँ। इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान शालेय बैंड पथक में सामग्री की कमी की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। आवश्यक सामग्रियों की कमी के कारण बैंड पथक के सदस्यों को बहुत परेशानी हो रही है। अत: आपसे निवेदन है कि आप मुझे आवश्यक सामग्री खरीदने की अनुमति प्रदान करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप बैंड पथक के सदस्यों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द-से-जल्द इस दिशा में निर्णय लेंगे।

धन्यवाद!
आपका आज्ञाकारी,
मनीष

| |
|---|
| मनीष शर्मा,<br>(विद्यार्थी प्रतिनिधि)<br>९वीं कक्षा,<br>शैलेन्द्र विद्यालय,<br>रावलपाड़ा,<br>दादर।<br>manishsharma@gmail.com |

### उपयोजित लेखन | Q 2 | Page 35

मैंने समझा

________________

________________

________________

**Solution:** भारत में धर्म, जाति, संस्कृति आदि की विविधता पाई जाती है। इसके बावजूद भी सभी भारतीयों में एकता की भावना अधिक बलवती है। विविधता में एकता यह हमारी पहचान है। हमें अपनी इस पहचान को बनाए रखते हुए प्रेम, सहयोग व सद्भावना से आपस में मिलजुलकर रहना चाहिए।

**स्वयं अध्ययन [PAGE 35]**

### स्वयं अध्ययन | Q 1 | Page 35

'नफरत से नफरत बढ़ती है और स्नेह से स्नेह बढ़ता है', इस तथ्य से संबंधित अपने विचार लिखो।

**Solution:** व्यक्ति का व्यवहार यह सुनिश्चित करता है कि उसके साथ दूसरे व्यक्ति किस तरह का व्यवहार करें। यदि कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से प्रेमपूर्वक व्यवहार करता है, तो निश्चित तौर पर उस व्यवहार के बदले सामने वाला भी उसके साथ प्रेमपूर्वक ही पेश आएगा। इसके विपरीत यदि कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के प्रति नफरत या द्वेष की भावना रखता है और उसी प्रकार का व्यवहार करता है, तो बदले में उस व्यक्ति को भी नफरत व द्वेष ही मिलेगा। निष्कर्ष यह है कि यदि हम नफरत करते हैं, तो सामने वाला व्यक्ति भी हमसे नफरत करेगा और यदि हम किसी से प्यार करते हैं, तो वह भी हमारे व्यवहार को देखकर हमें प्रेम ही देगा। अत: हमें सभी से प्रेमपूर्वक ही व्यवहार करना चाहिए।


# खेती से आई तब्दीलियाँ

---

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 38]**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 38**

**प्रवाह तालिका पूर्ण करो :**




**Solution: मनुष्य द्वारा खेती करने पर हुए लाभ :**

१. काम कई हिस्सों में बँट गए।

२. गाँव और शहर बन गए।

३. आदमी की जिंदगी आराम से कटने लगी।

४. फसल में जरूरत से ज्यादा मिलने लगा।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) अ. | Page 38**

**कारण लिखो :**

अनाज सुरक्षित रखना प्रारंभ हुआ

**Solution:** खेती से अनाज इतना पैदा होता था, जितना लोग खा नहीं सकते थे।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ब. | Page 38**

**कारण लिखो :**

मनुष्य को रोज शिकार खेलना पड़ता

**Solution:** मनुष्य को अपना पेट भरने के लिए रोज शिकार खेलना पड़ता था।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) क. | Page 38**

**कारण लिखो :**

दुनिया में गरीब आदमी हैं

**Solution:** बुरे इंतजाम के कारण दुनिया में आज-कल गरीब आदमी हैं।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) ड. | Page 38**

**कारण लिखो :**

लोग बैंक में रुपये रखते

**Solution:** ऐसा रुपया जिसे लोगों को एक बारगी खर्च करने की जरूरत नहीं है उसे वे बैंक में रखते।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 38**

**उचित जानकारी लिखो :**

काम का विभाजन इनमें हुआ

- _____
- _____


**Solution: काम का विभाजन इनमें हुआ**

- मर्द
- औरत

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 38**

**कृति पूर्ण करो :**

उस जमाने में उसे अमीर कहा जाता था जिसके पास _____ थे




**Solution: उस जमाने में उसे अमीर कहा जाता था जिसके पास थे :**

१. बहुत-सी गायें

२. बहुत-सी भेड़ें

३. बहुत-से ऊँट

४. बहुत सारा अनाज

**भाषा बिंदु [PAGE 38]**

**भाषा बिंदु | Q (१) क. | Page 38**

**शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखो :**

जानवरों को चराने की जगह = _____

**Solution:** जानवरों को चराने की जगह = **चरागाह**

**भाषा बिंदु | Q (१) ख. | Page 38**

**शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखो :**

जिनके पास बहुत से अतिरिक्त रुपये हैं = _____

**Solution:** जिनके पास बहुत से अतिरिक्त रुपये हैं = **मालदार**

**भाषा बिंदु | Q (२) क. | Page 38**

**वाक्य शुद्ध करके लिखो :**

बड़े दुखी लग रहे हो क्या हुआ

**Solution:** बड़े दुखी लग रहे हो**।** क्या हुआ**?**

**भाषा बिंदु | Q (२) ख. | Page 38**

**वाक्य शुद्ध करके लिखो :**

अरे रामू के बापू घोड़े बेचकर सो रहे हो

**Solution:** अरे**,** रामू के बापू**,** घोड़े बेचकर सो रहे हो**।**

**भाषा बिंदु | Q (२) ग. | Page 38**

**वाक्य शुद्ध करके लिखो :**

तुम्हारे दाने कहा है

**Solution:** तुम्हारे दाने **कहाँ हैं?**

**उपयोजित लेखन [PAGE 38]**

**उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 38**

'तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम' विषय पर लगभग सौ शब्दों में निबंध लिखो।

**Solution:** तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसमें मौजूद निकोटिन नामक जहरीला पदार्थ नशा पैदा करता है। यह तंबाकू का सेवन करने वालों के व्यवहार को प्रभावित करता है। तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन गंभीर बीमारियों को जन्म देता है। इससे रक्त में

कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ जाती है साथ ही उच्च रक्तचाप की समस्या भी खड़ी हो जाती है। पैरों की नसों में थक्के की रुकावट आने का जोखिम अधिक होता है।

मानव जीवन एक सौभाग्य है। मनुष्य आजीवन दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है। कुछ प्रभावकारी तत्त्व उसकी इस कामना को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करते हैं। तंबाकू व शराब जैसे हानिकारक पदार्थों का सेवन उनमें से एक है। वर्तमान समय में बच्चों व युवकों में हानिकारक पदार्थों के सेवन का प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है। नशे की इस बढ़ती लत के कारण पूरा समाज खोखला होता जा रहा है। विभिन्न प्रकार के तंबाकूजन्य हानिकारक पदार्थों के सेवन से लोगों के फेफड़ों को नुकसान पहुँच रहा है। लोगों को टी.बी., कैंसर जैसी घातक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। सिगरेट पीने की बुरी लत के बढ़ते स्तर का प्रभाव नशा न करने वालों के सेहत पर भी पड़ रहा है।

हमें कोशिश यह करनी होगी कि स्वयं को इन हानिकारक पदार्थों के सेवन से दूर रखें और दूसरों को भी सेहत के प्रति जागरूक बनाएँ।

### उपयोजित लेखन | Q (२) | Page 38

मैंने समझा

_________________

_________________

_________________

**Solution:** आदिम अवस्था से आगे बढ़कर खेती के माध्यम से हुए मानवीय सभ्यता के क्रमिक विकास को जानने के साथ ही अमीर-गरीब के मानदंड एवं बचत प्रणाली के बारे में समझा।

# अंधायुग

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 41]**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) १. | Page 41**

**कृति करो :**




**Solution: वृद्ध ने इनका दायित्व लिया है**


१. संजय

२. युयुत्सु

३. अश्वत्थामा

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) २. | Page 41**

**कृति करो :**




**Solution: अंधे युग में प्रभु का एक अंश**

१. निष्क्रिय रहेगा।

२. आत्मघाती रहेगा।

३. विगलित रहेगा।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 41**

**संजाल पूर्ण करो :**




**Solution: अश्वत्थामा के अनुसार नये अर्थ में व्यक्ति**

१. विकृत

२. अर्द्धबर्बर

३. आत्मघाती

४. अनास्थामय

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 41

**उत्तर लिखो :**

कविता में प्रयुक्त पात्र

- ______
- ______

**Solution: कविता में प्रयुक्त पात्र**

१. युयुत्सु

२. अश्वत्थामा

३. वृद्ध

**स्वयं अध्ययन [PAGE 41]**

### स्वयं अध्ययन | Q (१) | Page 41

'कर्म ही पूजा है', विषय पर अपने विचार सौ शब्दों में लिखो।

**Solution:** हर व्यक्ति की उसके परिवार, समाज व देश के प्रति कुछ जिम्मेदारियाँ व कर्तव्य होते हैं। इन कर्तव्यों का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्म व धर्म है। हमारे धार्मिक ग्रथों में भी धार्मिक गतिविधियों से अधिक कर्म को प्रधानता दी गई है। कर्म को योग अर्थात पूजा का एक

उत्तम प्रकार माना गया है। कहा जाता है कि जो व्यक्ति अपने कर्तव्यों से मुख मोड़कर ईश्वर की पूजा-पाठ में लीन हो जाता है, उसे ईश्वर भी स्वीकार नहीं करते हैं। गीता में स्वयं श्रीकृष्ण ने कर्म की महानता का बखान किया है। वास्तविकता यही है कि यदि हर व्यक्ति अपने-अपने कर्म को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करता है, तो वह किसी भी पूजा से बढ़कर है। जैसे– शिक्षक, किसान, चिकित्सक, कलाकार आदि अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करते हैं, तो उनके द्वारा किया गया कर्म ही पूजा कहलाता है।

## स्वयं अध्ययन | Q (२) | Page 41

मैंने समझा

________________

________________


________________

**Solution:** मानव की उन्नति और अवनति दोनों उसी के हाथों में है। यदि वह चाहे तो सत्कर्मों से अपने जीवन को सफल बना सकता है और यदि चाहे तो गलत राह अपनाकर अपने जीवन को व्यर्थ कर सकता है।

## उपयोजित लेखन [PAGE 41]

## उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 41

**निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दो।**




**Solution:**

### जैसे को तैसा

रामपुर नाम का एक गाँव था। उस गाँव में भोला दर्जी की एक छोटी-सी दुकान थी। दुकान से थोड़ी दूर पर गाँव के किनारे एक नदी थी। गाँव के जमींदार राम सिंह के पास एक हाथी था। वह हाथी प्रतिदिन भोला दर्जी की दुकान से होकर नदी पर नहाने जाता था। दर्जी भी प्रतिदिन उस हाथी को दो-चार केले खिला देता था। हाथी व भोला दर्जी दोनों की यही दिनचर्या बन गई थी।

एक दिन हाथी अपने नियमित समय पर दुकान के पास पहुँचा। भोला ने जब हाथी को देखा,

तो उसे मजाक सूझा। उस दिन भोला ने हाथी को केला तो खिलाया, लेकिन उसकी सूँड़ में सुई भी चुभा दी। सुई हाथी की सूँड़ में ज्यादा चुभ गई थी और हाथी को दर्द भी हुआ, लेकिन उसने उस वक्त कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वह उस समय दर्द से तड़पकर रह गया। उधर भोला दर्जी हँस-हँसकर लोटपोट हो गया। इस मजाक का परिणाम यह हुआ कि हाथी ने मन-ही-मन बदला लेने की ठान ली। उस दिन वह नदी पर गया और नहाने के बाद अपनी सूँड़ में नदी की गीली मिट्टी से युक्त गंदा पानी भरकर वापस लौटा। रास्ते में भोला दर्जी की दुकान के पास पहुँचकर वह रुक गया। भोला दर्जी उसे देखकर फिर जोर-जोर से हँसने लगा और उसके पास आया।

जैसे ही भोला उसके पास आया हाथी ने अपनी सूँड़ का सारा गंदा पानी उस पर और उसकी दुकान पर फेंक दिया। उस गंदे पानी से भोला का पूरा शरीर व दुकान गंदे हो गए।

गंदा कीचड़ उसकी दुकान में रखे कपड़ों पर पड़ गया था। इससे उसे नुकसान भी हुआ। अंतत: भोला को यह बात समझ में आ गई कि जैसा करेंगे, वैसा ही भरेंगे। उसने उसी दिन अपने कान पकड़ लिए और इस तरह की गलती कभी न करने का निश्चय किया।

# स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है

---

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 44]**

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) १. | Page 44**

**विधान को पढ़कर गलत विधान को सही करके लिखो :**

टिळक जी ने कहा है कि, वे यद्‌यपि शरीर से जवान है किंतु उत्साह में बूढ़े हैं।

1. सही
2. गलत

**Solution:** टिळक जी ने कहा है कि, वे यद्‌यपि शरीर से जवान है किंतु उत्साह में बूढ़े हैं - **गलत**

**सही वाक्य** : टिळक जी ने कहा है कि वे यद्यपि शरीर से बूढ़े हैं किंतु उत्साह में जवान हैं।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) २. | Page 44**

**विधान को पढ़कर गलत विधान को सही करके लिखो :**

प्रांतीय सम्मेलन अंग्रेजों की देन है।

1. सही
2. गलत

**Solution:** प्रांतीय सम्मेलन अंग्रेजों की देन है - **गलत**

**सही वाक्य** : प्रांतीय सम्मेलन कांग्रेस की देन है।

**सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 44**

**टिप्पणी लिखो :**

लोकमान्य टिळक

**Solution:** बाळ गंगाधर टिळक को हम लोकमान्य टिळक के नाम से भी जानते हैं। वे एक महान विद्वान, गणितज्ञ, दार्शनिक और राष्ट्रवादी व्यक्ति थे। उनका जन्म महाराष्ट्र प्रांत में हुआ था। उनकी शिक्षा पूना के दकन कॉलेज में हुई थी। वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश-सेवा के लिए समर्पित कर दिया। सबसे पहले उन्होंने एक स्कूल की स्थापना की और उसमें अध्यापक हो गए। उसके बाद उन्होंने 'केसरी' और 'मराठा' नामक दो समाचार-पत्रों का संपादन किया। टिळक अपने क्रांतिकारी विचारों के लिए भी जाने जाते थे। वे पहले भारतीय नेता थे, जिन्होंने कहा, "स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।" वे देश की

आजादी के लिए लड़ाई में कूद पड़ें। भारत की आजादी में बाळ गंगाधर टिळक का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 44

**टिप्पणी लिखो :**

होमरूल

**Solution:** १९१५ ई. से १९१६ ई. के मध्य दो होमरूल लीगों की स्थापना हुई। 'पुणे होमरूल लीग' की स्थापना बाळ गंगाधर टिळक द्वारा की गई थी तथा 'मद्रास होमरूल लीग' की स्थापना एनी बेसेंट ने की। यह एक राष्ट्रीय राजनीतिक संगठन था। इस आंदोलन का उद्देश्य ब्रिटिश साम्रज्य के अधीन रहते हुए संवैधानिक तरीके से स्वशासन को प्राप्त करना था। इनके द्वारा स्थापित लीग का प्रभाव कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रांत एवं बरार तक फैला हुआ था।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 44

**उत्तर लिखो :**

लोकमान्य टिळक जी द्वारा दिया गया नारा

**Solution:** स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

### सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 44

**कृति पूर्ण करो :**

जन्मसिद्ध अधिकार की विशेषताएँ

१. ______

२. ______

३. ______

४. ______

**Solution: जन्मसिद्ध अधिकार की विशेषताएँ**

१. कोई हथियार इस भावना को काट नहीं सकता।

२. कोई आग इसे जला नहीं सकती।

३. कोई जल इसे भिगो नहीं सकता।

४. कोई हवा इसे सुखा नहीं सकती।

**भाषा बिंदु [PAGE 44]**

### भाषा बिंदु | Q (१) | Page 44

पाँच-पाँच सहायक और प्रेरणार्थक क्रियाओं का अपने स्वतंत्र वाक्यों में प्रयोग करो।

**Solution: सहायता क्रियाएँ**

१. सकता

२. गया

३. करता

४. होंगी

५. दिया

**वाक्य:**

१. महेश वहाँ नहीं जा **सकता**।

२. राघव विद्यालय चला **गया**।

३. सीमा का भाई रोज सुबह उठा **करता**।

४. दादी सो रही **होंगी**।

५. मीना ने पत्र सीमा को दे **दिया**।

**प्रेरणार्थक क्रियाएँ**

१. दिलवाया

२. बनाया

३. पहुँचाया

४. पहनाया

५. पढ़ाया

**वाक्य:**

१. माँ ने पिता जी से पूजा को नया बस्ता **दिलवाया**।

२. माँ ने खाना **बनाया**।

३. राहुल ने अपनी बहन को विद्यालय **पहुँचाया**।

४. मीरा ने जीवन को कुर्ता **पहनाया**।

५. शिक्षक ने विद्यार्थियों को नया पाठ **पढ़ाया**।

**उपयोजित लेखन [PAGE 44]**

**उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 44**

अपने विद्‌यालय में आयोजित 'स्वच्छता अभियान' का वृत्तांत लिखो। वृत्तांत में स्थल, काल, घटना का उल्लेख आवश्यक है।

**Solution:** संत एकनाथ विद्यालय के प्रांगण में दिनांक २३ जून, २०१९ को 'स्वच्छता अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या मंदिर विद्यालय के प्रधानाचार्य को बुलाया गया था। उन्होंने इस अभियान को आयोजित करने वाले और भाग लेने वाले संत एकनाथ विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की काफी तारीफ की। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए स्वच्छता अभियान के पोस्टर बेहद आकर्षक और लोगों तक संदेश पहुँचाने वाले थे। अतिथि महोदय ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को अपने परिसर व देश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वहाँ उपस्थित अतिथि महोदय व अन्य सभी लोगों का कार्यक्रम में अपना योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया। अंत में राष्ट्रगान द्वारा इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

**उपयोजित लेखन | Q (२) | Page 44**

मैंने समझा

_______________

_______________

_______________

**Solution:** लोकमान्य टिळक के मन में उठ रही स्वराज्य की भावना का महत्त्व समझने के साथ ही राजनीति, धर्म, स्वशासन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

**स्वयं अध्ययन [PAGE 44]**

**स्वयं अध्ययन | Q (१) | Page 44**

पाठ में प्रयुक्त उद्‌धरण, सुवचन, मुहावरे, कहावतें, आलंकारिक शब्द आदि की सूची बनाकर अपने लेखन प्रयोग हेतु संकलन करो।

**Solution:** **उद्धरण** – स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

**सुवचन** – आत्मा अमर है।

**मुहावरा** – आँखों से परदा हटाना।

**आलंकारिक शब्द** – अज्ञातवास, मरुभूमि।

# Chapter 3: मेरा विद्रोह

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 49]

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) १. | Page 49

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

बेटे की मातृभाषा

**SOLUTION**

बेटे की मातृभाषा - **हिंदी**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) २. | Page 49

**एक शब्द में उत्तर लिखो :**

बेटे की शिक्षा की माध्यम भाषा

**SOLUTION**

बेटे की शिक्षा की माध्यम भाषा - **अंग्रेजी**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) १. | Page 49

**संक्षेप में लिखो :**

रमन के 'जन्मदिन' पर न जाने देने के बाद लड़के द्‌वारा किया गया विद्रोह

**SOLUTION**

लड़के ने जोर-जोर से लड़ना, जिद मचाना और रोना-चिल्लाना शुरू कर दिया।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) २. | Page 49

**संक्षेप में लिखो :**

नुक्कड़ की दुकान से घर लौटने पर बेटे द्‌वारा देखा दृश्य

**SOLUTION**

पिता जी गलियारे में खड़े-खड़े दीवार से कोहनियाँ टिकाए निश्शब्द कातर रो रहे थे।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) १. | Page 49

**कारण लिखो :**

अंग्रेजियत वाले परिवारों के बच्चों का दबदबा रहता था

**SOLUTION**

अंग्रेजियत वाले परिवारों के बच्चे छोटी उम्र में ही धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलते थे इसलिए शिक्षिकाएँ उन पर शाबाशी के टोकरे उछालती थीं। इसी कारण कक्षा में उन बच्चों का दबदबा बना रहता था।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) २. | Page 49

**कारण लिखो :**

पिता जी झल्ला पड़ते थे

**SOLUTION**

लड़का कभी डोनेशन या सालाना जलसे आदि के लिए चंदे वगैरह की छपी पर्चियाँ लाता तो पिता जी उस पर फिजूल खर्च करने के लिए झल्ला पड़ते थे।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) ३. | Page 49

**कारण लिखो :**

लड़के की माँ उसे पढ़ा नहीं पाती थी

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) १. | Page 49

**ऐसे प्रश्न बनाओ जिनके उत्तर निम्न शब्द हों :**

साइकिल

**SOLUTION**

बेटा पिता के साथ किस पर बैठकर स्कूल गया था?

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) २. | Page 49

**ऐसे प्रश्न बनाओ जिनके उत्तर निम्न शब्द हों :**

बेसब्री

**SOLUTION**

लड़का कैसे रमन की वर्षगाँठ का इंतजार कर रहा था?

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ३. | Page 49

**ऐसे प्रश्न बनाओ जिनके उत्तर निम्न शब्द हों :**

छपी पर्चियाँ

**SOLUTION**

लड़का डोनेशन या सलाना जलसे के चंदे के लिए क्या लाता था?

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) ४. | Page 49

**ऐसे प्रश्न बनाओ जिनके उत्तर निम्न शब्द हों :**


पारावार

**SOLUTION**

आज माँ की खुशी का क्या नहीं था?

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (५) | Page 49

**संजाल पूर्ण करो :**




**SOLUTION**

**लाल परी के जादुई देश की विशेषताएँ :**

१. ढेर-के-ढेर झूलते रंग-बिरंगे गुब्बारे

२. रिबंस

३. प्रेजेंट्स

४. ट्रॉफियाँ-गुलदस्ते-सा सज्जा

## भाषा बिंदु [PAGE 49]

भाषा बिंदु | Q (१) | Page 49

पाठों में आए हुए उपसर्ग और प्रत्ययवाले शब्द ढूँढ़ो तथा उनके उपसर्ग/प्रत्यय अलग करके मूल शब्द लिखो।

**SOLUTION**

| **उपसर्ग के मूल शब्द** | **प्रत्यय के मूल शब्द** |
|---|---|
| लायक, सब्री, चैन, लास, गमन, साहसी, मान, कुल, वाक, बस | दहाड़, गरज, ढीठ, विद्रोह, घर, अंग्रेज, शाबाश, क्रोध, साल, खुश, बेसब्र, जादू, आसान, शत्रु, उमंग, शांत, परेशान, उपलब्ध, खुश, बाहर |

## उपयोजित लेखन [PAGE 49]

उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 49

**निम्न मुद्दों के आधार पर विज्ञापन लिखो :**

स्थल/जगह, संपर्क, पुस्तक मेला, दिनांक, समय

**SOLUTION**

**रिषभ पुस्तक मेला**

**रिषभ पुस्तक मेले में आइए,**
**ज्ञानवर्धक व मनोरंजक पुस्तकें पाइए।**

बच्चे, जवान, बूढ़े व महिलाओं

के लिए

विभिन्न भाषाओंव विभिन्न विषयों

की पुस्तकें उपलब्ध

रिषभ पुस्तक मेले का सात दिनों का

आनंद उठाइए।

**स्थल** - जंतर मंतर मैदान

**दिनांक** - २ जून, २०१९ से ३ जुलाई, २०१९ तक

**समय** - सुबह ०९.०० से शाम ०७.०० बजे तक

**संपर्क** - ८७७००००००००

**ई-मेल आईडी** - rishabh@gmail.com

उपयोजित लेखन | Q (२) | Page 49

मैंने समझा

____________________

____________________

____________________

**SOLUTION**


माता-पिता हमारा भला ही सोचते हैं। वे हमें अच्छी शिक्षा देकर हमारा भविष्य उज्ज्वल करने में अपना हर संभव प्रयास करते हैं। हमारी बुरी आदतों को खत्म करने के लिए वे हमसे सख्ती से पेश आते हैं, परंतु भीतर से वे हमसे बहुत प्रेम करते हैं। अत: हमें अपने पिता द्वारा लगाई गई रोक-टोक को गलत न समझकर उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए और सदैव उनका सम्मान करना चाहिए।

# नहीं कुछ इससे बढ़कर

## सूचना के अनुसार कृतियाँ करो [PAGE 51]

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (१) | Page 51

**संजाल पूर्ण करो :**




**SOLUTION**

**गीत की विशेषताएँ :**

१. माता का महत्त्व दर्शाया गया है।


२. कृषक का महत्त्व दर्शाया गया है।

३. कलाकार-कवि का महत्त्व दर्शाया गया है।

४. बलिदानी व्यक्ति का महत्त्व दर्शाया गया है।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (२) | Page 51

**कृति करो :**




**SOLUTION**

धरती को उपजाऊ बनाने वाला/अनाज के भंडारों को भरने वाला : **कृषक**

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (३) | Page 51

**अंतिम चार पंक्तियों का अर्थ लिखो।**

चख-चख जीवन मधुरस प्रतिक्षण
विपुल मनोवैभव कर संचित,
जन मधुकर अनुभूति द्रवित जब
करते भव मधु छत्र विनिर्मित
नहीं प्रार्थना इससे शुचितर !

**SOLUTION**

कवि ने इन पंक्तियों के माध्यम से लोक अर्थात सज्जन व्यक्ति के महत्त्व को स्थापित किया है। सज्जन व्यक्ति अपने इस जीवनरूपी मधुरस को चखते हैं अर्थात जीवन के सुख-दुख का अनुभव प्राप्त करते हैं। वे जीवन के उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए विपुल मनोवैभव संचित करते हैं अर्थात मानसिक रूप से समृद्ध बन जाते हैं। जन मधुकर अर्थात मानवरूपी सज्जन भौंरे जब किसी को दुख व पीड़ा में देखते हैं, तो उनका मन द्रवित हो जाता है। संसार के दुख-दर्द को दूर करने के लिए वे अपने अनुभव से संसाररूपी छत्ते का पुन: निर्माण करते हैं अर्थात वे अपने अनुभव व ज्ञान से जरूरतमंदों की यथायोग्य सहायता कर उनके जीवन में खुशियाँ भर देते हैं। कवि कहता है कि सज्जन व्यक्तियों के इन कर्मों से अधिक पवित्र कोई अन्य प्रार्थना नहीं हो सकती है।

सूचना के अनुसार कृतियाँ करो | Q (४) | Page 51

**कविता में उल्लिखित मानव के विभिन्न रूप लिखोः**

१. _______

२. _______

३. _______

4. _______

**SOLUTION**

१. माता

२. कृषक

३. कलाकार - कवि

४. बलिदानी पुरुष

## भाषा बिंदु [PAGE 51]

भाषा बिंदु | Q (१) | Page 51

**निम्न शब्दों के लिंग तथा वचन बदलकर वाक्यों में प्रयोग करो :**

लिंग - कवि, माता, भाई, लेखक

वचन - दुकान, प्रार्थना, अनुभूति, कपड़ा, नेता

**SOLUTION**

**लिंग बदलकर वाक्य में प्रयोग:**

**कवि - कवयित्री**

**वाक्य**: महादेवी वर्मा हिंदी की एक प्रसिद्ध कवयित्री हैं।

**माता - पिता**

**वाक्य**: बच्चा पिता की गोद में सो रहा था।

**भाई - बहन**

**वाक्य**: बहन की रक्षा करना भाई का कर्तव्य होता है।

**लेखक - लेखिका**

**वाक्य**: मैं एक प्रसिद्ध लेखिका बनना चाहती हूँ।

**वचन बदलकर वाक्य में प्रयोग:**

**दुकान - दुकानें**

**वाक्य**: सारी दुकानें बंद हो गई थीं।

**प्रार्थना - प्रार्थनाएँ**

**वाक्य**: कृष्ण ने अर्जुन की सारी प्रार्थनाएँ ठुकरा दीं।

**अनुभूति - अनुभूतियाँ**

**वाक्य**: उत्तराखंड की सैर पर मुझे कई प्रकार की अनुभूतियाँ हुइर्।

**कपड़ा - कपड़े**

**वाक्य**: मेरे सारे कपड़े गंदे हो गए हैं।

**नेता - नेता**

**वाक्य**: सभी नेता जा चुके थे।

## उपयोजित लेखन [PAGE 51]

उपयोजित लेखन | Q (१) | Page 51

'सड़क दुर्घटनाएँ : कारण एवं उपाय' निबंध लिखो।

**SOLUTION**

आम हो या खास सभी के लिए सड़क सुरक्षा एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, जो पिछले कुछ समय से देश के लिए चिंता का सबब बन चुका है। यदि हम सड़क दुर्घटनाओं के आँकड़ों पर नजर डालें, तो पता चलता है कि यह आँकड़ा बहुत तेजी से ऊपर आया है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के चलते सड़क पर चलने वाला लगभग हर व्यक्ति अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है।

सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में चालक की लापरवाही, यातायात नियमों का उल्लंघन या उसकी ठीक जानकारी न होना, चालक द्वारा नशा करना, पैदल चलने वालों की लापरवाही आदि का समावेश है। इसके अलावा यातायात विभाग भी इसमें समान रूप से जिम्मेदार है। यातायात विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैए के चलते नौसिखिए चालक, जिन्हें यातायात नियमों की सही जानकारी नहीं है, उन्हें भी लाइसेंस प्राप्त हो जाता है। इसके नतीजे हादसों के रूप में सामने आते हैं। सड़कों की दुर्दशा भी सड़क हादसों का एक मुख्य कारण है। कभी-कभी टूटी-फूटी सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। ऐसे में सड़क हादसे होने स्वाभाविक हैं।

सड़क हादसों से निपटना आज हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती और आवश्यकता बन चुका है। इसके लिए यातायात विभाग को नियम व कानून में सख्ती लाने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनका पालन हो। सड़कों की मरम्मत कर उन्हें सही करना होगा। इसके अलावा लोगों को सुरक्षित सड़क यातायात के संदर्भ में जागरूक व शिक्षित करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस तरह आवश्यक उपायों को अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

उपयोजित लेखन | Q (२) | Page 51

**मैंने समझा**

____________________

____________________

____________________

**SOLUTION**

माता, कृषक, कलाकार, कवि, बलिदानी पुरुष व लोक अपने-अपने कर्मों को महत्त्व देते हैं। वे समाज के हित के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कर्म ही पूजा है, इसलिए इनका कर्म किसी प्रकार के अन्य पूजा-पाठ से अधिक बढ़कर है।